दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 269
कोटद्वार रविवार
5 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


देवघर: विजय संकल्प रैली में हेमंत सोरेन पर बरसे गृह मंत्री

# देश में सबसे भ्रष्ट झारखंड की सरकार:शाह

**देवघर, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवरघर में अपने दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचे। अमित शाह ने यहां विजय संकल्घ्प महारैली में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा। हालांकि, अपने दो दिवसीय दौरे की शुरूआत उन्घ्होंने बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और पूजा के साथ की। इसके बाद उन्घ्होंने देश के पांचवे नैनो तरल यूरिया संयंत्र का शिलान्घ्यास देवघर में किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने नैनो तरल यूरिया संयंत्र के शिलान्घ्यास कार्यक्रम को संबोधिघ्त करते हुए कहा कि देवघर की इस भूमि और बाबा के चरणों में मेरा सादर प्रणाम। यहां के कंकर-कंकर में शंकर का वास है। जय जोहार। इसके बाद शाह ने कहा कि विश्व में सबसे पहले तरल नैनो यूरिया बना कर इफको ने एक बहुत बड़ा काम किया है।

देवघर की इस पवित्र भूमि पर बना ये कारखाना पूरे संथाल परगना का विकास सुनिश्चित करेगा। इस संयंत्र से सालाना छह करोड़ नैनो यूरिया की पांच सौ ग्राम वजन वाली बोटल का निर्माण होगा। यह पूर्वी भारत के बिहार, बंगाल, उड़ीसा और झारखंड के किसान के खेत में उत्पाद बढाने में सहयोग करेगा। शिलान्यास कार्यक्रम से लौटने के बाद शाह ने विजय संकल्प महारैली में हुकांर भरी।

केंद्रीय गृह मंत्री देवघर में आयोजित विजय सकंल्प महारैली में झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला है। शाह ने कहा कि भारत में अगर कहीं सबसे ज्यादा भ्रष्ट सरकार है तो वो झारखंड में है.क्र कोई मंत्री-मुख्यमंत्री बनता है तो हाथ से करप्शन करता है, लेकिन यहां तो ट्रैक्टर और रेलवे के वैगन से भ्रष्टाचार करना शुरू कर दिया गया है।

अमित शाह ने कहा कि कोरोना में हमने तय किया था कि सरकार किसी भी




घर का चूल्हा बंद नहीं होने देगी, हमने ढाई साल तक प्रति व्यक्ति-प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त पहुंचाया है। अब एक और साल तक हम गरीबों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करवाएंगे। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी की सरकार ने गरीब, आदिवासी और पिछड़ों के हित को हमेशा वरीयता दी है। आजादी के बाद पहली बार एक गरीब आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनीं हैं, यह हर गरीब का सम्मान है.. हर आदिवासी का सम्मान है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आम बजट में मध्यम वर्ग को राहत देने का कार्य किया है, जिनकी आय 7 लाख रुपए से कम है उनको इनकम टैक्स में छूट दी है। सरकार आदिवासी भाईयों के लिए 740 एकलव्य मडल स्कूल तैयार करेगी, जिसके लिए 38,000 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। झारखंड सरकार द्वारा गरीबों और आदिवासियों के विकास का पैसा दिल्ली के दरबार में पहुंचाया जा रहा है।

जनता सब जानती है.. हेमंत बाबू चुनाव में आ जाओ, जनता आपको हटाने को तैयार बैठी है। वोट बैंक के लालच में यहां घुसपैठिए घुसाए जा रहे हैं, वो आदिवासियों की जमीन हथिया रहे हैं, बच्चियों पर अत्याचार कर रहे हैं और हेमंत बाबू.. मुस्कुराते हुए यह सब देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। ये क्षेत्र साइबर क्राइम का हब बन गया है। यहां बच्चों को गलत रास्ते पर ले जाकर बड़े-बड़े अपराध हो रहे हैं। भारत सरकार ने साइबर क्राइम से लड़ने के लिए जितनी भी मदद देनी चाही.. हेमंत बाबू किसी पर आगे नहीं बढ़े।

उन्होंने कहा कि ये कोई विकास का काम नहीं करना चाहते केवल वैगनों में भर कर रुपया आए इतना भ्रष्टाचार करना चाहते हैं। हेमंत बाबू, संथाल परगना में आपने विकास का कोई काम नहीं किया, केवल जनता को मूर्ख बनाने का काम किया। जनता अब आपको जान चुकी है और आप से हिसाब मांगती है। आदिवासी बेटियों की हत्या का जवाब आपसे मांगा जा रहा है। शाह ने कहा कि मोदी जी ने झारखंड के एक बड़े हिस्से को उग्रवाद और नक्सलियों से त्रस्त इलाके को मुक्त करने का काम किया है। हमने झारखंड में विकास की राह बनाने और नक्सलवादियों से मुक्त करने का काम किया।

अमित शाह दो दिवसीय दौरा पूरा कर यहां से रविवार को वापस दिल्ली रवाना होंगे। इस दौरान वे तकरीबन 24 घंटे देवघर में रुकेंगे। बाबा बैद्यनाथ की पूजा अर्चना से उनके देवघर प्रवास की शुरूआत हुई, जिसके बाद उन्घ्होंने नैनो यूरिया संयंत्र का शिलान्यास करने के बाद विजय संकल्घ्प महारैली को संबोधित किया। शाह को दिल्ली लौटने से पहले रविवार को सत्संग आश्रम में आचार्य देव से मुलाकात करेंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विश्व के पहले नैनो यूरिया (तरल) के पांचवें संयंत्र देवघर ईकाई का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान इफको के चेयरमैन दिलीप भाई संघाणी, वाइस चेयरमैन बलवीर सिंह, प्रबंध निदेशक डाक्टर उदय शंकर अवस्थी ने अमित शाह का स्वागत किया। इस दौरान निदेशक विपणन देवेन्द्र कुमार ने नैनो यूरिया की खासियत को समझाया। वहीं, मंच पर सांसद निशिकांत दुबे भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस संयंत्र से सालाना छह करोड़ नैनो यूरिया की पांच सौ ग्राम वजनी बोटल का निर्माण होगा। यह पूर्वी भारत के बिहार, बंगाल, उड़ीसा और झारखंड के किसान के खेत में उत्पाद बढाने में सहयोग करेगा। पांच सौ ग्राम की यह बोटल पूरी थैली यूरिया का विकल्प है। तरल यूरिया देश के भूमि संरक्षण की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भूमि संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है।

पीएम ने भूमि संरक्षण को प्रमुख मुद्दा बनाया है। इफको का यह प्रयास खाद के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा कार्य है। अब छह करोड़ यूरिया बैग का आयात नहीं करना होगा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा अन्न भंडारण वाला देश होगा। देश के सभी तहसील में दो हजार टन के अन्न भंडारण का गोदाम बनेगा। इसके साथ ही पैक्स कम्युनिटी सेंटर बनेगा। इसके लिए आदेश दे दिया है कि पैक्स से 300 सेवा का लाभ मिलेगा। इसमें जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र, किसानों को अनापत्ति प्रमाणपत्र, जिस पंचायत में बैंक नहीं है, वहां पैक्स से पैसे की भी निकासी होगी।

## घर में मृत मिलीं पद्म भूषण से सम्मानित मशहूर गायिका वाणी जयराम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मनोरंजन जगत से एक दुखद खबर सामने आई है। इसी साल पद्म भूषण से सम्मानित हुईं दिग्गज गायिका वाणी जयराम का निधन हो गया है। 77 वर्षीय गायिका चेन्नई में अपने घर में मृत पाई गई हैं। उनके निधन की खबर सामने आने के बाद ही इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।

वाणी जयराम की मौत की जांच के लिए पुलिस भी उनके घर पर पहुंच चुकी है। वहीं, वाणी जयराम के घर काम करने वाली मलारकोडी का भी बयान सामने आ गया है। मलारकोडी ने कहा, श्मैंने पांच बार घंटी बजाई, लेकिन उन्होंने दरवाजा नहीं खोला। यहां तक कि मेरे पति ने भी उन्हें फोन किया लेकिन उन्होंने कल भी नहीं उठाया। इस घर में वह अकेले ही रहती थीं। बता दें कि वाणी जयराम ने हिंदी, तमिल तेलुगू, मलयालम, मराठा, बंगाली समेत कई भाषाओं में 10 हजार से ज्यादा गानों को अपनी आवाज दी है। बलीवुड फिल्म 'गुड्डी' (1971) में उन्होंने 'बोले रे पपीहा रे' गाना गया था। वाणी जयराम को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका के लिए तीन बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा उन्हें तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा से राज्य पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

## पन्ना में 21 फरवरी से शुरू होगी 217 हीरों की नीलामी

**पन्ना (एजेंसी)।** बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना शहर में हीरों का बाजार सजने वाला है। दरअसल यहां की उथली खदानों से निकले 217 नग हीरों की 21 से 23 फरवरी तक सयुंक्त कलेक्ट्रेट परिसर में नीलामी आयोजित की जाएगी। इस नीलामी में देश भर से हीरा व्यापारी हिस्सा लेंगे।हीरा अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि लगभग 3 करोड़ 96 लाख रुपए के 217 नग छोटे बड़े हीरे इस नीलामी में रखे जायेंगे। इन में 15 बड़े हीरों पर व्यापारियों का सबसे ज्यादा फोकस रहेगा, क्योंकि नीलामी में इनकी अच्छी बोली लगने की उम्मीद है। इनमें 1188 कैरेट का सबसे बड़ा हीरा है। उसके बाद 964 कैरेट, 644 कैरेट, 629 कैरेट, 570 कैरेट के हीरा शामिल हैं। इसके अलावा 529, 523, 323, 150, 173, 246, 213, 160, 151, 123 कैरेट के हीरे नीलामी में आकर्षण का केंद्र रहेंगे।पन्ना में वैसे हर तीन माह के अंतराल में हीरा नीलामी आयोजित की जाती रही है, लेकिन इस बार करीब चार माह बाद हीरों की नीलामी हो रही है।

## अदाणी मामले का अर्थव्यवस्था पर असर नहीं, नियामक एजेंसियां कर रही हैं अपना काम: निर्मला सीतारमण

**मुंबई,एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और इस पर अडानी एंटरप्राइजेस विवाद का कोई असर नहीं पड़ेगा। बजट को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 24 के लिए हाल ही में पेश किए गए बजट का मुख्य फोकस विकास पर है। उन्होंने कहा कि बजट प्रस्ताव में राजकोषीय समेकन और विकास, दोनों पर सामान रूप से ध्यान दिया गया है। इनके बीच संतुलन स्थापित करना ही सरकार का लक्ष्य है।

उन्होंने एक आउटरीच इवेंट में मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ भाग लिया। सीतारमण ने कहा कि विकास हमारे बजट का मुख्य फोकस है। हम उस रिकवरी को बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने विकास सुनिश्चित करने का श्रेय देश के लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों ने देश को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई राहत और नीतिगत उपायों को आत्मसात किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सार्वजनिक पूंजीगत व्यय पर अधिक राशि खर्च करने की इच्छा के अनुरूप है। इसलिए बजट में इसके तहत 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव किया गया है।

वित्त मंत्री से जब पूछा गया



कि क्या वैश्विक वित्त बाजार में भारत की स्थिति अडानी एफपीओ पुलआउट के मद्देनजर कमजोर हुई है, तो उन्होंने कहा कि पिछले 2 दिनों में विदेशी मुद्रा भंडार 8 बिलियन (डलर) बढ़ गया है। हमारे मैक्रोइकनमिक फंडामेंटल या अर्थव्यवस्था की छवि प्रभावित नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि एफपीओ आते हैं और निकल जाते हैं। ये उतार-चढ़ाव हर बाजार में होता है। लेकिन हकीकत यह है कि पिछले कुछ दिनों में हमारे पास 8 बिलियन आए हैं। यह साबित करता है कि भारत और इसकी अंतर्निहित ताकत के बारे में धारणा मजबूत हुई है। नियामक एजेंसियां अपना काम बखूबी कर रही हैं। आरबीआई ने बयान जारी कर दिया है। उससे पहले बैंकों और एलआईसी ने अडानी समूह में अपने एक्सपोजर के बारे में बताया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बाजार नियामक इकाइयां अपना काम बखूबी कर रही हैं, ताकि बाजार अच्छी तरह से विनियमित हो। बाजार को अच्छी तरह से विनियमित रखने के लिए सेबी अपना काम कर रही है। उसके पास इस मामले से निपटने के सभी साधन हैं।

## रुद्रेश्वर गुफा के पास बाबा ने खुद को गोली से उड़ाया

**चंपावत।** जिला मुख्यालय से 85 किलोमीटर दूर वारसी गुफा के पास एक बाबा ने खुद को गोली मारकर जान दे दी। पुलिस ने घटनास्थल (गुफा के पास स्नानागृह) से तमंचा भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल से एक बिना हस्ताक्षर के एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया गया है।

मृतक बाबा उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। और बाबा यहां से दस किलोमीटर दूर चल्थियां में छोटा सा आश्रम बना रहे थे। एसपी ने बताया कि यद्यपि प्रथमद्दष्ट्या मामला डिप्रेशन की वजह से आत्महत्या का लग रहा है, फिर भी पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच करेगी। वारदात से इस ग्रामीण क्षेत्र में सनसनी मच गई। पुलिस ने लोहाघाट में पोस्टमार्टम करा शव



आश्रम के संचालक को सौंप दिया है।

सुसाइड नोट में स्वामी ने रुद्रेश्वर धाम स्थित शिव मंदिर में समाधि बनाने की अपनी अंतिम इच्छा बताई है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ उतरेहा गहनदो निवासी सौरभ तिवारी उर्फ स्वामी ध्यान योगी पुत्र भंगोली प्रसाद तिवारी ने शुक्रवार अपरान्ह डेढ़ बजे तमंचे से खुद को गोली से उड़ा दिया।पाटी पुलिस को घटना की जानकारी ग्रामीण खीमांनद जोशी ने दी। वारसी गुफा के बाबा वीरेंद्र गिरी का कहना है कि स्वामी ध्यान योगी सात दिन से गुफा में उनके साथ रह रहे थे।

## अंकिता हत्याकांड के आरोपी पुलकित आर्य की पौने तीन करोड़ की सम्पत्ति होगी जब्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** पौड़ी पुलिस ने संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अंकिता हत्याकाण्ड के आरोपी की गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल पौने तीन करोड़ की सम्पत्ति जब्त करने हेतु जिलाधिकारी पौड़ी एवं जिलाधिकारी हरिद्वार को रिपोर्ट भेजी है। अभियुक्त पुलकित आर्य द्वारा जनपद हरिद्वार एवं जनपद पौड़ी में 2 करोड़ 82 लाख 83 हजार 6 सौ 15 रूपये की अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने बताया कि अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड से सम्बन्धित मुख्य आरोपी पुलकित आर्य द्वारा अपने गैंग के सदस्यों के साथ संगठित गिरोह बनाकर उत्तराखण्ड़ के जनपद हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल में अपने होटल/रिजोर्ट तथा उसके आसपास के क्षेत्र में असामाजिक



कृत्यों से अवैध धन अर्जित किया गया। जिस सम्बन्ध में जनपद के थाना लक्ष्मणझूला पर गैंगस्टर अधिनियम 1986 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक लैंसडौन मनिभूषण श्रीवास्तव (वर्तमान प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार) के सुपुर्द की गयी। एसएसपी ने बताया कि मुख्य अभियुक्त पुलकित आर्य पुत्र डॉ. विनोद आर्य निवासी आर्यनगर, ज्वालापुर हरिद्वार, हाल–निवासी वनन्तरा रिजोर्ट गंगाभोगपुर, पौड़ी गढ़वाल के द्वारा अपने गैंग के अन्य सदस्यों सौरभ भाष्कर एवं अंकित के साथ मिलकर समाज विरोधी क्रिया कलापों में संलिप्त रहते हुये क्षेत्र में विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर लोक शान्ति व्यवस्था को अस्त-व्यस्त किया गया। अभियुक्त पुलकित आर्य एवं उसके गैंग के सदस्यों के इस प्रकार की आपराधिक कृत्यों से आम जनता में भारी आक्रोश पनपने के कारण प्रदेश में जगह-जगह धरना प्रदर्शन किये गये। गैंग के लीडर पुलकित आर्य द्वारा अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर संगठित अपराध करते हुये अवैध रुप से धन अर्जित किया गया है।

### पौड़ी पुलिस ने डीएम पौड़ी और हरिद्वार को भेजी रिपोर्ट

एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी पुलकित आर्य द्वारा जनपद हरिद्वार के विशनपुर झरड़ा अहतमाल में 32 लाख, सजनपुर पीली में 47 लाख 94 हजार 6 सौ 15 एवं ज्ञानलोक कॉलोनी शेखपुरा कनखल में 61 लाख 98 हजार 4 सौ रूपये की भूमि अवैध रूप से अर्जित की गयी है।

साथ ही अभियुक्त द्वारा एक ऑडी कार 40 लाख व एक टाटा सफारी 14 लाख के वाहन अवैध रुप से क्रय किये गये हैं। इस प्रकार अभियुक्त पुलकित आर्य द्वारा जनपद हरिद्वार में कुल 1 करोड़ 75 लाख 95 हजार 6 सौ 15 रूपये की अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी है। अभियुक्त द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गयी उक्त सम्पत्ति को कुर्क करने सम्बन्धी रिपोर्ट जिलाधिकारी हरिद्वार को प्रेषित की गयी है। एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी पुलकित आर्य द्वारा अवैध रुप से सरकारी (वन भूमि) पर अतिक्रमण करते हुये गंगाभोगपुर में वनन्तरा रिजोर्ट जिसकी कीमत 1 करोड़ 6 लाख 88 हजार रूपये की भूमि अर्जित की गयी है।

अवैध अर्जित सम्पत्ति कुर्क करने सम्बन्धी रिपोर्ट जिलाधिकारी पौड़ी को प्रेषित की गयी है। अभियुक्त पुलकित आर्य द्वारा जनपद हरिद्वार एवं जनपद पौड़ी में 2 करोड़ 82 लाख 83 हजार 6 सौ 15 रूपये की अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी है।

## कोई किसी को धमकी नहीं दे सकता, जनता मालिक, संविधान गाइड: कानून मंत्री रिजिजू

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 150वें स्थापना दिवस के समापन समारोह में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने न्यायपालिका और कार्यपालिका में चल रहे टकराव को बेवजह बताया। कहा कि कोई टकराव नहीं है। ये महज कुछ लोगों के प्रवचन हैं। उन्होंने कहा कि प्रजातांत्रिक देश में देश की मालिक जनता है और संविधान इसका गाइड। यह देश संविधान के मुताबिक जनता की इच्छा से चलेगा। इस व्यवस्था में काम करने वाले लोग जनता के सेवक हैं। कोई यहां किसी को धमका नहीं सकता।

शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस देश की चिंता सबसे अधिक लंबित वादों को लेकर है। उन्होंने कहा कि एक प्रजातांत्रिक देश में 15-20 साल से केस लंबित हैं, यह सही नहीं है। कहा कि देश में इस से कुल



चार करोड़, 90 लाख केस लंबित हैं। जब उन्होंने कानून मंत्री का दायित्व संभाला था तो यह संख्या 60 लाख कम थी। हाईकोर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कानून मंत्री किरन रिंजिजू ने कहा कि देश में इस से कुल चार करोड़, 90 लाख केस लंबित है। जब उन्होंने उन्होंने कहा कि वादों के निस्तारण के बावजूद इसकी संख्या बढ़ती जा रही है, क्योंकि निस्तारण के मुकाबले दोगुने केस फाइल हो रहे हैं। ऐसे में सरकार, न्यायपालिका के सामने यह बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि सरकार लंबित वादों को कम करने के लिए चिंतित है। कई आयामों पर काम कर रही है। सबसे अधिक तकनीकी के व्यापक इस्तेमाल पर काम किया जा रहा है। इसी के तहत ई-कोर्ट्स के लिए बजट में सात हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे न्याय व्यवस्था और बेहतर होगी। रिजिजू ने कहा कि सरकार मीडिएशन बिल लाने को तैयार है। वह अभी इसका कोई समय नहीं बता सकते, लेकिन इसका प्रारूप तैयार हो चुका है। नालसा के माध्यम से कम्युनिटी सेंटर्स के जरिये वादों के पूर्व ही मामलों को हल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 65 हजार शब्दों का एक विधि शब्दकोश भी तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं में फैसले दिए जाने, दिन-प्रतिदिन काम किए जाने की भी वकालत की। कहा कि सरकार 1486 कानूनों को समाप्त कर चुकी है। 65 और खत्म करने की तैयारी में है। इस दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ऐतिहासिक विरासत का बखान करते हुए उस परंपरा को बनाए रखने का आह्वान किया। कहा कि गरीबों को न्याय दिलाने में वकीलों को फीस की चिंता नहीं करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने हाईकोर्ट में जजों के खाली पद और यहां लाइब्रेरी की मांग को भी पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधाकांत ओझा, सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति ष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और वरिष्ठ्ठ न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर ने भी विचार व्यक्त किए।


### सुप्रीम कोर्ट के लिए पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्तियों को मंजूरी, रिजिजू ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के लिए पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्तियों को मंजूरी दे दी है। इससे पहले तीन हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और दो हाईकोर्ट जजों का नामों की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट के कलेजियम ने की थी। सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने बीते साल 13 दिसंबर को इन जजों के नाम मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पास भेजे थे। इन पांच जजों के सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर शपथ लेने के बाद सर्वोच्च अदालत में जजों की कुल संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश समेत कुल 34 जज हो सकते हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट जजों की संख्या 27 थी। बीती 31 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने दो और नाम सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजे थे, जिनमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और गुजरात हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार का नाम शामिल है। इससे पहले उन्होंने प्रयागराज में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने कलेजियम पर चेतावनी दी है। इस देश का मालिक इस देश के लोग हैं, हम सेवक हैं। हमारी गाइड संविधान है। संविधान के अनुसार देश चलेगा।

## गैस पाइपलाइन बिछाते समय विस्फोट, दो मजदूरों की मौत, 3 की हालत गंभीर

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** नयागढ़ जिले के ईटामाटी पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत सुनालती में गैस पाइपलाइन के काम के दौरान शनिघ्वार को विस्फोट हो गया। बताया गया कि गैस पाइपलाइन बिछाते समय विस्फोट होने से यहां काम में लगे दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना घायलों को नयागढ़ जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान महाराष्ट्र के सोनू और विजय गांगुली के रूप में हुई है। घायलों के भी राज्य के बाहर के होने की सूचना है। गेल इंडिया कथित तौर पर सुनालती के पास एक गैस पाइपलाइन का निर्माण कर रही है।



आज कुछ कर्मचारी कंप्रेसर के जरिए पाइप लाइन की सफाई कर रहे थे। उसी दौरान अचानक कंप्रेसर फट गया। इससे कंप्रेसर के अंदर दो मजदूर दब गए, जबकि अन्य तीन को बाहर दें क दिया गया। सभी को बचा लिया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में घायल मजदूरों में से डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। राज्य के बाहर के मजदूरों को एक निजी कंपनी ने इस काम में लगाया था।

# वर्तमान में कैंसर बन चुकी गंभीर समस्या

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : स्वास्थ्य विभाग चमोली द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर कैंसर रोग के लक्षण, रोकथाम, उपचार के बारे में जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सिविल जज (सी.डि.)/सचिव सिमरनजीत कौर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी। विश्व कैंसर दिवस पर शारदा सुमन चिल्ड्रंस अकैडमी स्कूल में कैंसर विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें हिमेश फरस्वान प्रथम, राहुल पुरोहित द्वितीय, कृतिका पुरोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एमएस खाती ने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो समय पर इलाज न मिलने के कारण जानलेवा हो सकती है। वर्तमान में यह रोग गंभीर समस्या बन चुकी है। ऐसे में लोगों को जागरूक करने के लिए कैंसर दिवस मनाया जाता है। बताया कि विश्व



कैंसर दिवस पर जिले के सभी 85 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों में जन जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. अमित जैन ने जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों से आए नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों को कैंसर के कारणों, उपचार, बचाव एवं रोगी की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिक्षा संचार समन्वयक उदय सिंह रावत ने बताया कि इस वर्ष कैंसर दिवस की थीम क्लोज द केयर गैप है। जोकि इस संपूर्ण दुनिया में कैंसर पीड़ित नागरिकों को इस जंग से लड़ने हेतु समान सुविधाएं एवं चिकित्सा सहायता प्रदान करने पर केंद्रित है। उन्होंने स्वयं सेवकों से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने के बात कही। कार्यक्रम के दौरान अरविंद राणा, कमल सिंह, डॉ. विनीत थपलियाल, शिवम जोशी, आलोक परमार, एसएस फर्स्वाण, संजय बर्तवाल, सभी ब्लॉकों से नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## कांग्रेस ने किया भारत यात्रियों का सम्मान

देहरादून। कांग्रेस की 136 दिनों तक चली भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ स्थायी यात्री रहे उत्तराखंड के कांग्रेस नेताओं का शनिवार को कांग्रेस भवन में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत यात्रियों को हिमवीर सम्मान के साथ ही संविधान की प्रति भी सौंपी।

कांग्रेस भवन में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भारत यात्री रहे ललित फर्स्वाण, वैभव वालिया, राजपाल बिष्ट, ज्योति रौतेला, ईशिता शेढा, मोहित उनियाल और अंकित शाह को सम्मानित किया। इस मौके पर माहरा ने कहा कि 197 भारत यात्रियों ने राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की। माहरा ने कहा कि छोटा सा राज्य होने के बावजूद, उत्तराखंड के कांग्रेस नेताओं ने इस यात्रा में अहम भूमिका निभाई।

# वामपंथी दलों ने फूंका भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पुतला

चमोली : वामपंथी दलों ने शनिवार को गोपेश्वर में जोशीमठ में भाजपा और राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बयान की निन्दा की। कहा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जोशीमठ के प्रभावितों के आंदोलन में माओवादियों के हस्तक्षेप किये जाने की बात कही। वाम दलों ने कहा हम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के उस बयान की निन्दा करते हैं। नाराज वाम दलों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पुतला भी दहन किया।

गोपेश्वर में पुतला दहन के बाद नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सीटू के जिलाध्यक्ष मदन मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार जोशीमठ की प्रभावित जनता के विस्थापन, पुनर्वास, एवं जोशीमठ के पुनर्निर्माण की बात कर पीड़ित जनता के साथ न्याय करने के



बजाय उनको माओवादी, आतंकवादी कहकर अपनी विफलताओं को छुपाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास विस्थापन और जोशीमठ के पुनर्निर्माण की बात तो काफी दूर की है एक माह गुजर जाने के बाद भी प्रभावित लोगों के लिए आज तक कोई ठोस नीति नहीं बना पाई है।

पुतला दहन करने वालों में सीटू जिला अध्यक्ष मदन मिश्रा, किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष नंदन सिंह नेगी, सीपीआई के पूर्व जिला मंत्री विनोद जोशी, भरत पंवार, महिला समिति की जिला अध्यक्ष पुष्पा किमोठी, जिला सचिव गीता बिष्ट, लता मिश्रा, अनीता सती, राजेंद्र बिष्ट, सीमा असवाल, इंदु देवी, दीपा देवी, सीता देवी, रीना देवी, उषा बिष्ट, मीना विष्ट, धीरज कुमार डीवाईएफआई जिला सचिव गजेंद्र बिष्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)



# नवनियुक्त दरगाह प्रबंधक रजिया ने संभाला कार्यभार

रुड़की। पिछले करीब डेढ़ वर्ष से खाली चल रहे दरगाह प्रबन्धक के पद पर रजिया ने कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले लेखाकार सफीक अहमद कार्यवाहक प्रबंधक की जिम्मेदारी देख रहे थे। पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक में दरगाह प्रबंधक का पद पिछले करीब डेढ़ वर्ष से खाली चल रहा था। पूर्व में तैनात प्रबंधक मोहम्मद हारून को विजिलेंस ने रिश्वत लेते पकड़ा था। इसके बाद लेखाकार सफीक अहमद कार्यवाहक प्रबंधक के तौर पर कार्य देख रहे थे। डीएम के आदेश के बाद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष बहरोज आलम की पत्नी एवं पनियाला चंदापुर जूनियर विद्यालय की प्रधानाचार्य रजिया ने कलियर पहुंचकर दरगाह प्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया।

## योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक बेरोजगार संघ का धरना रहा जारी

देहरादून। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक बेरोजगार संघ का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। आक्रोशित बेरोजगारों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। धरना आयुर्वेद निदेशालय डांडा लखौंड में चल में चल रहा है। धरना स्थल पर हुई पर सभा में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में आयुर्वेद निदेशालय के अधिकारियों ने अपने करीबियों को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक के 13 पदों पर नियुक्ति दी है।

लेकिन गरीब बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। यही नहीं योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक के 34 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शासन में विचाराधीन है, जिसका बेरोजगार विरोध कर रहे हैं, उनकी मांग है कि 34 की बजाय 300 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।

# आग के प्रति सचेत व जागरूक रहने को प्रेरित किया

नई टिहरी : प्रधान ग्राम पंचायत पुरषोल गौरव गुसांई की अध्यक्षता में वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत वन पंचायत भेटूड़ी में फायर गोष्ठी का अयोजन किया गया। जबकि ग्राम पंचायत नैल की वन पंचायत जलेड़ी में भी गोष्ठी का आयोजन कर ग्रामीणों को वनों की आग के प्रति सचेत व जागरूक रहने को प्रेरित किया गया। राप्रावि ठांगधार में रैली का आयोजन कर जागरूकता की गई। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए मनियार बीट के वन बीट अधिकारी लक्ष्मण सिंह सजवाण ने वन सरपंच ऋषिराम बहुगुणा की मौजूदगी में पुरषोल गांव और नैल गांव में मौजूद ग्रामीणों व स्थानीय लोगों को वनाग्नि से सुरक्षा और नुकसान को लेकर जानकारी दी। लक्ष्मण सजवाण ने बताया कि वनाग्नि की रोकथान बिना स्थानीय लोगों की मदद से नहीं किया जा सकता है। स्थानीय लोग वनों को




बचाने में सहयोग दें। वन बचेंगे तो पर्यावरण मजबूत होगा। जिसका लाभ ग्रामीणों व आम स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तरीके से मिलेगा। दूसरी ओर राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठांगधार में वन कर्मियों ने फोरेस्टर अजय पाल के नेतृत्व में वनाग्नि सुरक्षा को लेकर छात्रों के साथ रैली निकालते हुए जागरूक करने का काम किया गया है। इस मौके पर जागरूकता का प्रसार करते हुए फोरेस्टर अजयपाल ने कहा कि वनों की आग से सुरक्षा मानव समाज के लिए अति आवश्यक है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को हतोत्साहित करने का काम किया जाना चाहिए। वनों में आग की सूचना तत्काल वन विभाग व कंट्रोल रूम में आम लोग दें। राप्रावि ठांगधार में प्रधानाध्यापिका सरोज पंवार, कांति उनियाल, मंजू, ममता राणा, दिनेश कुमार, दिनेश कुमार, कृष्णा, बिहारी लाल, नीलम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### डीएम के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया

नई टिहरी : डीएम डॉ. सौरभ गहरवार शनिवार को ग्राम सभा तल्ला उप्पू पहुंचे। यहां पर डीएम ने बीते 53 दिनों से पूर्ण विस्थापन की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरने पर पुर्नवास संघर्ष समिति के बैनर तले बैठे ग्रामीणों को सकारात्मक समाधान का भरोसा दिलाये हुए धरने को समाप्त करवाया। धरने पर बैठे ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीएम गहरवार ने कहा कि ग्राम सभा तल्ला उप्पू के विस्थापन को लेकर 2019 में केन्द्र सरकार को पत्र प्रेषित किया गया था, जिसमें कुछ आपत्तियां लगी थी। कहा कि ग्राम सभा तल्ला उप्पू के विस्थापन की मांग को सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज की बैठक में भी रखा गया है। जिस पर मंत्री ने ग्रामीणों की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री से वार्ता करने की बात कही। केंद्रीय मंत्री से बात कर ग्रामीणों की मांग का समाधान करवाया जायेगा। ग्राम सभा तल्लू उप्पू की सिंचित भूमि डूब क्षेत्र में आने के कारण विशेष ग्राम केस में प्रस्तावित करते हुए पात्रता निर्धारित करने के लिए सर्वे कर सूची तैयार की जायेगी। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के माध्यम से केन्द्र सरकार में रखकर सकारात्मक समाधान किया जाएगा। जिसके लिए कुछ समय लगना वाजिब है। पुर्नवास कार्यालय मामले में जो भी कार्यवाही करेगा। उससे प्रधान को अवगत कराया जायेगा। इस मौके पर एसई पुर्नवास आके गुप्ता, ईई पुर्नवास डीएस नेगी, खेम सिंह चौहान, प्रधान सुशीला चौहान मौजूद रहे। (एजेंसी)

### 2 स्कूल बसों सहित सात वाहन सीज

विकासनगर। पछुवादून में निजी स्कूल छात्र-छात्राओं से जहां बसों का किराया हर माह तीन से पांच हजार रुपये तक वसूल रहे हैं। वहीं बच्चों के जीवन से किस तरह खिलवाड़ किया जा रहा है, इसका सहज अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दो निजी स्कूल की खटारा बसें बिना परमिट और फिटनेस के छात्र-छात्राओं से खचाखच भरी सड़कों पर दौड़ती हुई एरआटीओ की पकड़ में आ गयी।

# 22 लाख की लागत से होगा आरकेडिया में इंटर लॉकिंग टाइल्स मार्ग का निर्माण

विकासनगर। सहसपुर के आरकेडिया में लोगों को बेहतर यातायात की सुविधा मिलेगी। शनिवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने दो अलग-अलग कॉलोनियों में करीब 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इंटर लॉकिंग टाइल्स मार्ग निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। निर्माण के लिए भूमि पूजन के बाद विधायक ने कहा कि आरकेडिया वार्ड के लक्ष्मी एनक्लेव में 15 लाख रुपये और दुर्गा शक्ति एन्क्लेव में साढ़े सात लाख रुपये की लागत से इंटर लॉकिंग टाइल्स मार्ग का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश मुख्य मार्गों और संपर्क मार्गों का सुधारीकरण किया जा चुका है।



उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नब्बे प्रतिशत से अधिक सड़कें गड्ढा मुक्त हो चुकी हैं। अन्य सड़कों का भी जल्द ही सुधारीकरण करा दिया जाएगा। उन्होंने स्थानीय बाशिंदों से सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा करने की सलाह दी। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता शक्ति आर्य, पार्षद बीना रतूड़ी, मंडल अध्यक्ष दर्शन रावत, जीवन रावत, विजेंद्र, चंद्रशेखर सामंत, प्रमोद रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

## एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

रुड़की। एडवोकेट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ। पदाधिकारियों ने अधिवक्ता हित में काम करने की बात दोहराई। बार और बेंच के बीच सामंजस्य पर भी जोर दिया गया। एसोसिशन के अध्यक्ष पद पर विकास पंवार, उपाध्यक्ष जौहर सिंह, सचिव मुकेश कुमार सैनी, सहसचिव प्रवेश कुमार, कोषाध्यक्ष इकराम अली, पुस्तकालय अध्यक्ष नीरज कुमार, आय व्यय निरीक्षक सरताज अली, कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार, अरुण कुमार, अंकित तोमर, राजवीर सिंह, दीपांकर कौशिक चुने गए थे। पदाधिकारियों को शनिवार को शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला जज एसके त्यागीअरुण कुमार शर्मा, रजनीश कुमार, सोनू राठी, राजेश, हरपाल सिंह, पवन कुमार, संदीप कुमार, हरीश कुमार, राखी, निधि शर्मा, रितु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## चकराता की सफाई व्यवस्था चरमराई

विकासनगर। छावनी बाजार चकराता में सफाई व्यवस्था देख रहे पर्यावरण मित्रों ने छावनी परिषद पर मनमानी करने, वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी, जिससे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था ठप हो गई है। छावनी बाजार में सफाई व्यवस्था संभालने के लिए बोर्ड द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कर्मचारियों को तैनात किया गया है। वर्तमान में 22 कर्मचारी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संभाल रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार उन्हें समय से वेतन नहीं दे रहा है। इसके साथ ही छावनी परिषद चकराता उन पर अधिक काम थोप रहा है। इसके साथ ही कार्य करने के समय में भी बढ़ोतरी की जा रही है। कहना है कि उन्हें सिर्फ दस हजार रुपये माह वेतन दिया जा रहा है, जो कभी भी समय से नहीं मिलता। कई बार उन्हें दो-दो माह तक तनख्वाह नहीं मिलती है। बावजूद इसके छावनी परिषद और ठेकेदार उनकी सुध नहीं लेते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक ठेकेदार और छावनी परिषद उनकी मांगों को नहीं मानता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। कार्य बहिष्कार करने वालों में वालों में रिंकू कुमार, संजीत, सुलेख, अरुण,अक्षय, अरविंद, अंकित, संजीत, गीता, लक्ष्मी, संजोगता, मुनेश, हरवीर, राजकुमार, संजय पाल, नरेंद्र, विक्की आदि शामिल रहे।उधर, प्रभारी सेनेट्री इंस्पेक्टर शेखर धीमान का कहना है कि कर्मचारियों द्वारा आठ घंटे की ड्यूटी सही प्रकार से नहीं की जा रही है।

# विश्व कैंसर दिवस पर निकाली जनजागरूकता रैली

देहरादून। विश्व कैंसर दिवस पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और श्री गुरु रामराय विश्वविद्यालय के एनएसएस और एनसीसी प्रकोष्ठ की ओर से जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से कैंसर मुक्त जीवन का संदेश दिया गया। शनिवार को रैली का शुभारंभ मेयर सुनील उनियाल गामा ने नगर निगम से हरी झंड़ी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भागदौड़ वाली जीवन शैली और अव्यवस्थित खान-पान के कारण कैंसर रोग के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में आम जनमानस को कैंसर रोग के कारणों की जानकारी देना और समय पर रोग की स्क्रीनिंग और उपाचार के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथ में तख्तियां लेकर और नारे लगाकर कैंसर रोग से बचाव और उचित समय पर नियमित स्वास्थ्य जांच का संदेश दिया। रैली नगर निगम से शुरू होकर दून चिकित्सालय चौक, एमकेपी चौक, बुद्धा चौक, दर्शनलाल चौक होते हुए शहर के प्रमुख चौराहों से निकाली गई। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने कहा कि एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम (कैंसर, मधुमेह, हृदयरोग और आघात रोगों से बचाव एवं नियंत्रण हेत राष्ट्रीय कार्यक्रम) के अंतर्गत जनपद की चिकित्सा इकाईयों में मुख कैंसर, ग्रीवा कैंसर तथा स्तन कैंसर की प्रारम्भिक जांच की सुविधा दी जा रही है। जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत भी कैंसर रोग की स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। जिले में इस वर्ष अब तक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एवं वेलनेस केंद्रों पर 88514 व्यक्तियों ने मुख कैंसर, 43404 व्यक्तियों ने स्तन कैंसर की प्रारम्भिक जांच और स्क्रीनिंग करायी है। जिसमें से मुख कैंसर जांच कराने वाले 406 व्यक्तियों और स्तन कैंसर की जांच कराने वाले 398 व्यक्तियों को उच्च चिकित्सा इकाई में जांच की सलाह दी गई। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्मिक डॉ. एनके त्यागी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनएचएम डॉ. निधि रावत, श्री गुरू रामराय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दीपक सोम, डॉ0 गीता रावत, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. वंदना सेमवाल, शहरी स्वास्थ्य मिशन के जिला नोडल अधिकारी डॉ. (ले. कर्नल) अजय कुमार, जिला लेखा प्रबंधक विवेक गुसाईं, आईईसी समन्वयक पूजन नेगी आदि मौजूद रहे।

## बेरोजगारों के हकों पर डाका डालने वालों की भाजपा में कोई जगह नहीं : भट्ट

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि राज्य बेरोजगारों के हकों पर डाका डालने वालों के लिए भाजपा में कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भर्ती प्रकरण में राजनीति कर रही है। जबकि कांग्रेस सरकार के समय भ्रष्टाचार में शामिल रहे नेता आज भी कांग्रेस के माननीय बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भर्ती घोटाले मे जिस व्यक्ति का नाम ले रही है उसे भाजपा काफी पहले निष्काषित कर चुकी है। उसका भाजपा से कोई नाता नही है और भविष्य में भी ऐसे किसी व्यक्ति को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय में भर्ती घोटाले हुए उनको लेकर पार्टी के कुछ नेतओं ने स्वीकारोक्ति की ।

# माकपा ने लगाया जोशीमठ के आंदोलन को बदनाम करने का आरोप

## -सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया

देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि जोशीमठ की जनता के आंदोलन को माओवादियों का आंदोलन कहकर गलत प्रचार किया जा रहा है।

इसी मुद्दे को लेकर कार्यकर्ता शुक्रवार को जुलूस निकालते हुए पार्टी कार्यालय से जुलूस निकालते हुए राजपुर रोड स्थित गांधी पार्क पहुंचे। यहां सभी ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि मार्क्सवाद, लेनिनवाद और माओवाद ऐसे विचार हैं, जिन्होंने पूरे विश्व में लोगों को अपने हक हकूकों के लिए लड़ना सिखाया। उन्होंने कहा कि जोशीमठ की जनता के साथ कम्युनिस्ट पार्टियां साथ चलकर जनमुद्दों को लेकर संघर्ष कर रही हैं। जिससे आंदोलन को दिशा मिल रही है और सरकार को यह बात रास नहीं आ रही।

इस दौरान राज्य सचिव राजेन्द्र सिंह नेगी, राज्य सचिव मंडल से सुरेंद्र सिंह सजवाण, गंगाधर नौटियाल, इन्दु नौडियाल, सीटू महामंत्री महेंद्र जखमोला, सीपीएम जिलासचिव राजेंद्र पुरोहित, देहरादून सचिव अनन्त आकाश, जिला कमेटी सचिव मंडल से लेखराज, किशन गुनियाल, विजय भट्ट, किसान सभा उपाध्यक्ष सुधा देवली, अमर बहादुर शाही,अर्जुन रावत, महिला समिति महामंत्री दमयंती नेगी, उपाध्यक्ष कुसुम नौडियाल, बृन्दा मिश्रा, कर्मचारी नेता एसएस नेगी, सीटू उपाध्यक्ष भगवन्त पयाल, कोषाध्यक्ष रविन्द्र नौडियाल, सुरेशी नेगी, सीमा नेगी, ममता मौर्य, अनिता, संगीता, अंजली पुरोहित, जानकी चौहान, चित्रकला, शीला, ज्योतिका, ज्योति, कमलेश खन्तवाल, मामचंद आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से निकाली संत शिरोमणि रविदास की शोभायात्रा

रुड़की। संत शिरोमणि रविदास जयंती पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बैंड-बाजों के ही सुंदर झांकियां भी निकाली गई। शिव चौक के पास रविदास मंदिर पर हवन यज्ञ के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा मोहल्ला छावनी, चौधरीयान, पुराना बाजार, मुख्य बाजार, नई मंडी, शिव चौक से होकर रविदास मंदिर पर संपन्न हुई। शिव पार्वती, मां



दुर्गा, संत शिरोमणि रविदास, भीमराव अंबेडकर, भारत माता तथा वीर सैनिकों की झांकियां देखने लायक थी। इस दौरान संजू कुमार, अजब सिंह, शेर सिंह, टीना, मदन सिंह, तेलु, संदीप, मोहन सिंह, सोराज आदि मौजूद रहे।

## यूकेडी ने की प्रवक्ता भर्ती मामले में जांच की मांग

देहरादून। यूकेडी ने प्रवक्ता भर्ती मामले में भी जांच की मांग की है। पार्टी ने कहा कि सरकार इस मामले को दबाना चाहती है। शनिवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में यूकेडी कार्यकर्ताओं ने इस को लेकर नारेबाजी की।

इस दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि भर्तियों में सरकार के बड़े नेता शामिल हैं। मगर उन्हें बचाया जा रहा है। मौके पर पार्टी के केन्दीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल, सुलोचना, उत्तरा पंत आदि मौजूद थे।

# ग्रामीणों ने नदी के किनारे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराने की मांग

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत मैंद्रथ, तलवाड़ के ग्रामीणों की सैकड़ों बीघा कृषि भूमि हर साल टौंस नदी बहाकर ले जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि सिंचाई विभाग से कई बार नदी किनारे बाढ़ सुरक्षा कार्य करने की गुहार लगाई गई, लेकिन ग्रामीणों की समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

ग्रामीणों ने नदी के किनारे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराने की मांग की है। टौंस किनारे मैंद्रथ, तलवाड़ के ग्रामीणों की कृषि भूमि है। नदी किनारे की उपजाऊ भूमि होने के कारण ग्रामीणों की आजीविका इसी जमीन पर निर्भर है। हर बरसात के सीजन में ग्रामीणों की सैकड़ों बीघा जमीन नदी के तेज बहाव में बह जाती है, जिससे ग्रामीणों की कृषि भूमि का रकबा साल दर साल कम होता जा रहा है। सिंचाई विभाग और भूमि संरक्षण विभाग की लापरवाही के कारण कई परिवार भूमिहीन हो चुके हैं, जो अब मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने को मजबूर हैं।

## जशोधरपुर में प्रशासन ने सीज की फैक्ट्री

कोटद्वार : चेतावनी के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने पर प्रशासन ने जशोधरपुर औद्योगिक आस्थान स्थित एक फैक्ट्री को सीज कर दिया है।

शुक्रवार देर शाम तहसीलदार विकास अवस्थी ने फैक्ट्री पर ताला लगाते हुए उसे सीज किया। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाता है। बताया कि पिछले कुछ दिनों से एक फैक्ट्री में चिमनी नहीं होने की शिकायत मिल रही थी। जिससे क्षेत्र में काला धुंआ फैल रहा था। इस संबंध में प्रशासन ने कई बार फैक्ट्री संचालक को भी चेतावनी दी थी। लेकिन, इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं किया गया। ऐसे में प्रशासन ने फैक्ट्री को सीज कर दिया है।

# आग से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

### अग्निशमन विभाग की ओर से राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** आमजन को आग व आपदा से बचाव के लिए अग्निशमन विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अग्निशमन विभाग की टीम ने राजकीय खाद्या विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र में अभियान चलाते हुए विद्यार्थियों को आग व आपदाओं के प्रति जागरूक किया।

शनिवार को केंद्र परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी सुरेश चंद्र ने विद्यार्थियों को माकड्रिल के माध्यम से सिलेंडर में आग लगने पर बचाव के तरीके बताए। कहा कि जागरूकता से हम आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। कहीं भी आग की घटना होने पर इसकी जानकारी तुरंत अग्निशमन विभाग को दें। कहा कि अग्निशमन विभाग की टीम आग के साथ ही अन्य आपदाओं में भी रेस्क्यू अभियान चलाती है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया। टीम ने विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी से ही लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। जागरूकता से ही हम सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं।



कोटद्वार में विद्यार्थियों को आग से बचाव के तरीके बताते अग्निशमन अधिकारी

## योग को दैनिक जीवन में शामिल करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : योगिक सोलस संस्था के तत्वावधान में विश्व कैंसर दिवस पर प्रेक्षागृह में कैंसर पर जागरूकता और कैंसर से बचाव को लेकर योग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। योग शिक्षक रोमा भद्रा ने आसन के माध्यम से भी लोगो को जागरूक किया। कहा कि योग को दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए जिससे शारीरिक प्रणाली अच्छी तरह से काम कर सके।

शिविर के मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने इस तरह के शिविरों की सराहना की। कहा कि योगिकसोलस संस्था द्वारा पिछले लंबे समय से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि संयुक्त चिकित्सालय के सीनियर सर्जन डा. लोकेश सलूजा ने कैंसर के उपचार के लिए चिकित्सा प्रगति पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। बताया कि वैकल्पिक चिकित्सा के रूप में योग कैसे रोगियों और कैंसर से बचे लोगों को तेजी से ठीक होने में मदद कर सकता है। शिविर में योगिक सोलस की संस्थापक एवं कैंसर पुनर्वास और रिकवरी के लिए प्रमाणित योग शिक्षक रोमा भद्रा ने कैंसर और योग के माध्यम से बीमारी को रोकने और प्रबंधित करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पौड़ी दीपक कुकशाल, विनोद दनोशी, संगीता रावत आदि शामिल थे।

# कोटद्वार के कर्नल (रि.) विपिन कुमार अमेरिका में हुए सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बेहतर समाज सेवा के लिए कर्नल विपिन कुमार (सेनि.) को अमेरिका के ह्यूस्टन (टक्सास) में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें टक्सास के महापौर ने दिया।

बदरीनाथ मार्ग निवासी डा. मनोज अग्रवाल ने बताया कि उनके चाचाजी कर्नल विपिन कुमार को 28 जनवरी को उनके 70वें जन्म दिवस पर अमेरिका ह्यूस्टन के मेयर सिलवेस्ट टर्नर द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि कर्नल विपिनि ने अपनी प्रारंभिक से 12वीं तक की शिक्षा कोटद्वार से प्राप्त की। उत्तर प्रदेश बोर्ड की मैरिट में स्थान पाने के कारण उन्हें आईआईटी रुड़की में सीधा दाखिला मिल गया। देशभक्ति के जज्बे में उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में छोड़कर 1974 में सेकेंड लेफ्टिनेंट के पद पर सेना में कमीशन प्राप्त किया। 26 वर्ष तक भारतीय सेना में सेवाएं देने के बाद वे 2000 में सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स व टेली कम्यूनिकेशन में इंजीनियरिंग की डिग्री और मैनेजमेंट में डिप्लोमा प्राप्त किया। इसके बाद वे परिवार सहित अमेरिका में शिफ्ट हो गए। अमेरिका जाने के बाद वे वहां भी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े और सामाजिक, सांस्कृतिक, विज्ञान, खेलकूद



अमेरिका में सम्मानित होते कोटद्वार के कर्नल (रि.) विपिन कुमार

## विद्यालय में हुआ विज्ञान मेले का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सनेह क्षेत्र के अंतर्गत श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (नई दिल्ली) के सौजन्य व सहयोगी संस्था जन कल्याण सेवा समिति की ओर से आयोजित विज्ञान मेला आरंभ हो गया है। मेले का शुभारम्भ शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष ललिता प्रसाद घिल्डियाल, चंद्रेश लखेड़ा व विद्यालय प्रधानाचार्य अनुपमा शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में छात्रों को विज्ञान के प्रति रूचि पैदा करना, खेल-खेल में विज्ञान सीखना एवं किस प्रकार फर्जी, पाखंडी साधु लोगों से ठगी करते हैं, जबकि इस इसके पीछे भी विज्ञान ही है, खाद्य पदार्थों में किस प्रकार की मिलावट की जाती है, पर बच्चों को अवगत कराया गया। विज्ञान मेले में संस्था के विज्ञान विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न तरह के स्टाल लगाए गए थे। इस अवसर पर संस्था संरक्षक पूर्णानंद गोस्वामी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर का 175 लोगों ने उठाया लाभ



बालभारती स्कूल में आयोजित नेत्र शिविर में पहुंचे लोग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित नेत्र शिविर का 175 लोगों ने लाभ उठाया। हंस फाउंडेशन की ओर से बालभारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने लोगों को आंखों की बेहतर देखरेख के बारे में बताया। कहा कि आंखों से हम पूरा संसार देखते हैं। ऐसे में इसकी बेहतर देखभाल करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। शिविर के दौरान लोगों को निशुल्क चश्मे व दवा भी दी गई। शिविर में विद्यालय के एनएसएस से जुड़े विद्यार्थियों ने भी अपना योगदान दिया। इस मौके पर चिकित्सक डा.प्रदीप रावत, प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत, बालम सिंह, रविंद्र भारद्वाज, मुकेश भंडारी आदि मौजूद रहे।

## जोशीमठ की असफलता को छुपाने के लिए भाजपा कर रही अनर्गल बयानबाजी : इंद्रेश

श्रीनगर गढ़वाल : जोशीमठ में आपदा से निपटने में सरकार अभी ढीला-ढाला रुख अपनाए हुए है। इस मामले में खतरे की पूर्व चेतावनियों को भी सरकार और उसकी प्रशासनिक मशीनरी ने अनदेखा किया। जोशीमठ में 14 महीनों तक लोग खतरे को लेकर चेताते रहे। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने स्वयं पहल करके जब स्वतंत्र भू वैज्ञानिकों से नगर का सर्वे करवा दिया, तब राज्य सरकार थोड़ा हरकत में आई और उसने जोशीमठ के अध्ययन के लिए 28 जुलाई 2022 को एक कमेटी बनाई।

यह बात भाकपा माले के गढ़वाल सचिव इंद्रेश मैखुरी ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कही। मैखुरी ने कहा कि कमेटी द्वारा सितंबर 2022 में खतरे वाले घरों को पुनर्स्थापित करने और निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाने की संस्तुति की गयी थी। बावजूद इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इससे पहले राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड में आपदा के खतरे के आकलन का सर्वेक्षण करवाया गया। यह सर्वेक्षण 2016 में शुरू हो कर 2019 तक करवाया गया था। सर्वेक्षण में बताया गया कि उत्तराखंड के करीब 50 प्रतिशत हिस्से में भूस्खलन के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र हैं। कहा जोशीमठ में अब तक मुआवजे, पुनर्वास और पुनर्निर्माण में उत्तराखंड सरकार पूरी तरह विफल रही है। इस असफलता को ढकने के लिए ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। कहा आपदा प्रबंधन के सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा पर टिहरी में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एक बांध प्रभावित महिला के मामले में अदालत में सबूत छुपाने और दूसरे पक्ष से सांठगांठ करने का मुकदमा चल रहा है।

यह मुकदमा 1 अक्टूबर 2013 को उन पर टिहरी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर दर्ज हुआ था। ऐसे संवेदनहीन अफसर के रहते न तो आपदा प्रबंधन का काम ठीक से हो सकता है और ना ही आपदा प्रभावितों को न्याय मिलने की उम्मीद की जा सकती है। मौके पर भाकपा माले के गढ़वाल कमेटी सदस्य योगेंद्र कांडपाल, गढ़वाल कमेटी सदस्य शिवानी पांडेय, बिड़ला परिसर छात्र संघ उपाध्यक्ष रोबिन असवाल मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जिला प्रशासन ने शुरू की शिवरात्रि पर्व की तैयारियां

**जयन्त प्रतिनिधि।** पौड़ी : शिवरात्रि पर्व की जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। शिवरात्रि के दौरान यात्रियों के व्यापक संभावित आगमन को देखते हुए जिलाधिकारी ने नीलकंठ में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मेडिकल कैंप लगाने के अलावा 24 घंटे एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नीलकंठ यात्रा मार्गो सड़क व पैदल मार्ग सहित नीलकंठ महादेव के पास क्राउड कंट्रोल, पार्किंग व्यवस्था व आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को कंट्रोल रूम की स्थापना के साथ-साथ पर्याप्त पुलिस बलों की तैनाती करने के निर्देश दिए।शनिवार को जिलाधिकारी ने शिवरात्रि की तैयारियों के दृष्टिगत लक्ष्मण झूला से नीलकंठ तक के सड़क व पैदल मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गरुड़ चट्टी से नीलकंठ के बीच चार स्थानों पर क्षतिग्रस्त दीवारों के पुनर्निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए हैं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नीलकंठ महादेव में सुरक्षा व्यवस्था,

### ■ डीएम ने दिए कंट्रोल रूम की स्थापना और पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश

पार्किंग व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व साफ-सफाई की व्यवस्था को बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों और मंदिर समिति के पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने एएमए जिला पंचायत को निर्देश दिए कि नीलकंठ क्षेत्र में बड़े कूड़ेदान लगवाने के साथ-साथ सफाई कर्मियों की समय से तैनाती करें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय व्यवसायियों की सक्रिय भागीदारी से ही नीलकंठ के आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखा जा सकता है। इस हेतु उन्होंने व्यापार मंडल के अध्यक्ष को नीलकंठ बाजार में व्यवसायियों व आम जनमानस की सहभागिता से व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाने को कहा है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नीलकंठ से लक्ष्मण झूला तक पैदल मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में एक्सपायरी डेट का पेय पदार्थ व दुकानों पर घरेलू सिलेंडर



डीएम डॉ. आशीष चौहान शिवरात्रि पर्व को लेकर अधिकारी को निर्देश देते हुए।

पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार यमकेश्वर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दुकानों के आसपास बिखरे कूड़े को देकर जिलाधिकारी ने दुकानदारों को कहा कि दुकान के 100 मीटर आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था को बनाये रखना अपना दायित्व समझें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि दुकानों के आसपास प्लास्टिक पाए जाने पर संबंधित दुकानदार का चालान किया जाएगा। बैठक में महंत नीलकंठ महादेव मंदिर सुभाष पुरी, तहसीलदार यमकेश्वर मनजीत सिंह, बीडीओ यमकेश्वर दृष्टि आनंद, चौकी इंचार्ज नीलकंठ प्रदीप कुमार, प्रबंधक नीलकंठ मंदिर धन सिंह राणा, व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजेश चौहान, प्रधान कोठार गांव नीरज पयाल, प्रधान नीलकंठ तोली धनवीर सिंह, टैक्सी यूनियन सचिव देवेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी व संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

## जन चेतना यात्रा 23 मार्च से निकालेंगे

श्रीनगर गढ़वाल : गो माता की सेवा और सुरक्षा के लिए 21 मार्च 2023 से पूरे गढ़वाल क्षेत्र में जन चेतना यात्रा निकाली जाएगी। राम गोधाम समिति के संरक्षक और समाजसेवी मोहन काला ने बताया कि सड़कों पर घूम रही गो माता को आश्रय देने व उसकी सेवा व सुरक्षा के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। कहा जगह-जगह लोगों ने गाय को सड़कों पर छोड़ दिया है। जिससे गाय माता सड़कों पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाती हैं। जिससे हमारी संस्कृति व धार्मिक मान्यता को बड़ा आघात लग रहा है।

# उत्तराखण्ड बनेगा पूरे देश के लिए उदाहरण : डॉ. रावत

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड राज्य के लोगों को बीमारियों के खतरे से उभारने के लिए वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को संपूर्ण नशा मुक्त राज्य बनाने की ओर कदम बढ़ायेंगे। जो गैर संचारी रोग के रोकथाम के लिए पूरे देश के लिए उदाहरण बनेगा। नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिए पुलिस, शिक्षा, मेडिकल शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग समेत सात विभागों की टीम बनाई गई हैं जो पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ अभियान चलाएंगी।



यह बात प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में विश्व कैंसर डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। डा. रावत ने कहा कि एक साल के भीतर कैंसर को लेकर साढ़े छः लाख लोगों की जांचे की गई। वर्ष 2023-24 में यह लक्ष्य 25 लाख लोगों का रखा गया है। जिसमें हर छः माह में प्रत्येक व्यक्ति की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। कहा कि कक्षा पांचवी से लेकर पीएचडी के छात्र-छात्राओं के बीच रोग से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और 20 लाख बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जायेगी। कहा कि मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के लिए योगा एवं जिम कक्षाएं भी शुरु की जाए। इससे पूर्व मेडिकल कॉलेज के सरस्वती मंदिर के पास स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं के नशा मुक्ति शपथ में प्रतिभाग किया। जिसके बाद कैंपस से होते हुए श्रीकोट बाजार में कैंसर उन्मूलन को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत, डॉ. इंदिरा यादव, डॉ. दीपा हटवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 33 केवी की लाइन में लगी आग, हादसा टला

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में संयुक्त चिकित्सालय गेट के सामने एनएच किनारे लगे 33 केवी विद्युत लाइन के खंभे से जा रही बिजली लाइन में शनिवार को अपराह्न तीन बजे के करीब अचानक आग लग गई। जिससे बड़ी घटना होते-होते बची। इस लाइन से पौड़ी के लिए आपूर्ति कराई जाती है। इन्हीं खंबों के बगल में स्थानीय आपूर्ति कराने वाले बिजली के दो ट्रांसफार्मर भी थे। सूचना मिलते ही ऊर्जा निगम की टीम मौके पर पहुंची। रेलवे का काम कर रही कंपनी द्वारा अग्निशमन यंत्र व पोकलैंड मशीन उपलब्ध कराई गई।

# कार्यदायी संस्था देगी निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान(एनआईटी) उत्तराखंड के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी के नेतृत्व में संस्थान के अधिकारियो के एक प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में संस्थान के श्रीनगर परिसर में चल रहे प्रथम चरण के निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं द्वितीय चरण के निर्माण कार्य के लिए निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप देने को लेकर चर्चा हुई। कहा निर्माण कार्य के दूसरे चरण के लिए वैचारिक ड्राइंग को पहले ही संस्थान द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है और अब कार्यदायी संस्था को इसके लिए निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप देना है। प्रो. अवस्थी ने कहा कि निर्माण कार्य के द्वितीय चरण के अंतर्गत संस्थान के श्रीनगर परिसर में मुख्य रूप से निदेशक कार्यालय के अलावा चार स्मार्ट क्लासरूम, एक मिनी सभागार–सह मनोरंजन हाल निर्माण एवं इंटरनेट सम्बंधित सेवाओं के लिए लैन केबल, ऑप्टिकल केबल, कैट-6 केबल इत्यादि की व्यवस्था शामिल है। प्रथम चरण के निर्माण कार्यों के तहत अभी तक दो हॉस्टल ब्लॉक संस्थान को हस्तांतरित किए जा चुके हैं। बैठक में एनआईटी उत्तराखंड से डॉ. जीएस बरार, डॉ. आदित्य अनुपम, कार्यदायी संस्था से मुख्य अभियंता सुनील कुमार शर्मा, सहायक अभियंता राजीव वर्मा, रोहित कुमार शामिल रहे। (एजेंसी)

# देव भूमि को बर्बाद कर रही भाजपा : आप

### कोटद्वार में आयोजित की गई आम आदमी पार्टी की जन सभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर उत्तराखंड को बर्बाद करने का आरोप लगाया है। कहा कि उत्तराखंड के युवा बेरोजगार सड़कों पर घूम रहे हैं और सरकार केवल निजी स्वार्थ के बारे में सोच रही है। भारतीय जनता पार्टी ने जोशीमठ त्रासदी के पीड़ितों की सुध लेना भी छोड़ दिया।

शुक्रवार को नजीबाबाद रोड स्थित एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाकर सत्ता की कुर्सी हासिल की थी। लेकिन, सत्ता मिलते ही भाजपा अपना वादा भूल गई। उन्होने कहा कि उत्तराखंड की जनता डबर इंजन की भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुकी है। प्रदेश में लगातार भर्ती घोटाले निकलकर सामने आ रहे हैं। सरकार ने जोशीमठ त्रासदी के पीड़ितों की सुध लेना भी छोड़ दिया है। कहा कि कोटद्वार में होने वाले नगर निगम चुनाव के लिए कार्यर्त्ताओं को एकजुट होना होगा। प्रत्येक चालीस वार्डों को संगठन को मजबूत किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष दिगमोहन नेगी ने कहा कि जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अब जनता को एकजुट होने की आवश्यकता है। इसके लिए आमआदमी पार्टी धरातल पर अभियान चलाएगी। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद वर्मा ने कहा कि जनता भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस की चाल को समझ चुकी है। ऐसे में अब आमआदमी पार्टी ही बेहतर विकल्प बनकर सामने आएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गौरव रावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पूजा त्यागी, मनोज रावत, मंजू बिष्ट, उषा सैनी, लक्ष्मी, पूजा त्यागी, हर्षिता, रचना रावत, गुड़िया रानी आदि मौजूद रहे।

# पर्यटक सुविधा केंद्र के लिए भूमि चिन्हित करें : डीएम



अल्मोड़ा : जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक शनिवार को डीएम वंदना की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिले में पर्यटन विभाग की परिसंपत्तियों को जिला पर्यटन विकास समिति के माध्यम से संचालित करने पर चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने पर्यटक आवास गृह भतरौंजखान और जागेश्वर में पर्यटन विभाग की ओर से निर्मित परिसंपत्तियों को शासन के निर्देश के क्रम में जिला पर्यटन विकास समिति से संचालित करने के लिए टेंडर की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने जागेश्वर पार्किंग शॉप विथ रेस्टोरेंट के संचालन को समिति की ओर से यहां लोकल उत्पादों को प्रदर्शित करने के दिशा निर्देशों को निविदा फार्म में शामिल किये जाने समेत जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि शहर में स्थल का चयन करते हुए वहां पर्यटक सुविधा केंद्र बनाना सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी हेमेंद्र गंगवार, समिति के सदस्य महेश नयाल समेत अन्य मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठाई

अल्मोड़ा : पुरानी पेंशन बहाली मंच धौलादेवी की ओर से दन्या सीआरसी सभागार में बैठक हुई। इसमें कार्मिकों ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। मांग पूरी नही होने पर आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया।

इसके अलावा पूरे विकासखंड में तेजी से सदस्यता अभियान चलाने और हल्द्वानी में होने वाले कुमाऊं मंडल अधिवेशन को सफल बनाने पर चर्चा की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्मिक एकजुट होकर आंदोलित हैं। इसके चलते आज पांच राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। कहा कि कर्मचारियों की मेहनत की कमाई को सरकार शेयर बाजार में लुटा रही है।




## छात्रों ने किया जीबी पंत व कटारमल मंदिर का भ्रमण

अल्मोड़ा : समग्र शिक्षा अभियान के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत ताकुला ब्लॉक के राइंका नाई के छात्रों ने जीबी पंत संस्थान कोसी कटारमल और ऐतिहासिक सूर्य मंदिर का भ्रमण किया। जीबी पंत भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान के शोध कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं सूर्य मंदिर के इतिहास और इसकी महत्व की जानकारी दी। यहां प्रवक्ता भूगोल रमेश रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 25 फरवरी से राज्य आंदोलनकारी निकालेंगे रथ यात्रा

अल्मोड़ा : मृतक राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों को मुख्यमंत्री की घोषणा के डेढ़ वर्ष बाद भी पेंशन न मिल पाने समेत लंबित मांगों का निराकरण नही होने से राज्य आंदोलनकारी आक्रोशित है।

नाराज आंदोलनकारियों ने शनिवार को गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन किया। सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। निर्णय लिया गया कि आगामी 25 फरवरी से जनपद में रथ यात्रा निकालकर सरकार को चेताने का काम किया जाएगा।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि राज्य बनने के 23 वर्ष बाद भी राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य के विकास की दिशा दशा तय हो पाई और न ही राज्य आंदोलनकारियों को वह सम्मान राज्य में मिल रहा है, जिसके वे हकदार हैं। कहा कि वास्तविक आंदोलनकारी चिंहनीकरण के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। कहा कि मृतक राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों को भी पेंशन का लाभ दिये जाने की मुख्यमंत्री की घोषणा के डेढ़ वर्ष बाद भी पेंशन न मिल पाना राज्य आंदोलनकारियों के प्रति सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये को दर्शाता है।

वक्ताओं ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों को मिले क्षैतिज आरक्षण को रद्द करना और फिर उसे लटकाये रखना भी सरकार के उपेक्षित रवैया है। कहा कि आंदोलनकारियों को नाम भर को पेंशन दी जा रही है, वह भी 6-6 माह बिलंब से, जो परिवहन सुविधा दी गई है वह आधी अधूरी है, चिकित्सा सुविधा, बच्चों को शिक्षा सुविधा कागजों में दी गयी है। आंदोलनकारियों ने एक स्वर में लंबित मांगों के निराकरण की मांग की। यहां ब्रह्मानंद डालाकोटी, महेश परिहार, शिवराज बनौला, रघुनंदन पपनै, शंकर दत्त, दौलत सिंह बगड्वाल, दिनेश शर्मा, गोपाल सिंह बनोला, कैलाश राम, कुंदन सिंह, लक्ष्मण सिंह, पूरन सिंह, महेश पांडे, दीवान सिंह, कृष्ण चंद्र, बिशंभर पेटशाली, देवकी देवी, बचुली देवी, खष्टी देवी, तारा राम, सुंदर सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## समाजसेवी बोरा के निधन पर जताया शोक

अल्मोड़ा : बुजुर्ग संगीतकार गायक एवं ज्ञानोदय हाई स्कूल सोमेश्वर के आजीवन सदस्य पूरन सिंह बोरा का 94 वर्ष की उम्र में लंबी बीमारी के चलते कल रात्रि आकस्मिक निधन हो गया है। शनिवार को सोमेश्वर में कोसी तथा साईं नदी के संगम स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां उनके पुत्रों भगवान बोरा, नंदन सिंह बोरा तथा मोहन बोरा ने मुखाग्नि दी वयोवृद्ध संगीतकार पूरन सिंह बोरा की शवयात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। बताते चलें कि स्वर्गीय बोरा ने क्षेत्र में रामलीला तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में कई दशकों तक अपनी सेवाएं दी। तथा ज्ञानोदय हाई स्कूल को 8 नाली भूमि दान में दी थी। उनके निधन पर पूर्व ब्लाक प्रमुख दीपक बोरा, राजू बोरा, भास्कर बोरा, डॉ सुरेश पाठक, बालम भाकुनी, धीरज पांडे आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है। (एजेंसी)

## ग्रामीणों के सब्र का बांध टूटा, किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : गौडीहाट में डामरीकरण न होने से लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि दो साल से वे डामरीकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने लोनिवि पर ग्रामीणों को ठगने का आरोप लगाया है।

शनिवार को व्यापारी ललित सोराडी के के नेतृत्व में लोग एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2022 के दौरान मुख्य बाजार की सड़क धंस गई। इससे सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन गए। बाद में लोनिवि ने उक्त गड्ढों में मिट्टी डालकर भर दिया। अब वहीं मिट्टी लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। कहा कि मिट्टी उड़कर दुकानों और लोगों के घरों के भीतर पहुंच रही है। लोग लंबे समय से लोनिवि से गड्ढों में डामरीकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कहा ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए दो माह पूर्व विभागीय अधिकारियों ने शीघ्र ही डामरीकरण करने की बात कही थी, लेकिन अब तक गड्ढे भरे नहीं गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शीघ्र ही डामरीकरण नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। (एजेंसी)

## वेतन न मिलने पर धरने पर बैठे दो जिलों के कर्मचारी




रुद्रपुर। नानकमत्ता दीर्घाकार बहुद्देशीय सहकारी समिति बिडौरा के कर्मचारियों का चार माह का वेतन रोकने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। समिति के कर्मचारी कार्य बहिष्कार व अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को धरने के चौथे दिन नैनीताल व उधमसिंह नगर के प्रत्येक समिति से कर्मचारी बिडौरा पहुंचे। यहां कर्मचारियों की महापंचायत में आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर आंदोलन को वृहद रूप देने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि सोमवार से तीन दिन तक कर्मचारी विकास भवन रुद्रपुर में धरना देंगे। सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन नैनीताल व उधमसिंह नगर के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी की अगुवाई में संगठन ने चार सूत्रीय मांगपत्र जिला सहायक निबंधक को भेजा। आरोप लगाया कि विभाग के अफसर संगठन के पूर्व में प्रेषित मांगपत्रों को गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं। मजबूरन कर्मचारी बड़े स्तर पर आंदोलन को बाध्य हो रहे हैं। आरोप लगाया कि नानकमत्ता दीर्घाकार बहुद्देशीय सहकारी समिति बिडौरा के कर्मचारियों को चार माह का वेतन नहीं दिया गया है।

## दुकान में शराब पिलाने के आरोप में एक गिरफ्तार

बागेश्वर : एक दुकानदार को पुलिस ने शराब पिलाते हुए गिरफ्तार किया है। उसके बाद शराब बेचने का लाइसेंस भी नहीं था। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को बैजनाथ पुलिस ने अभियान के तहत होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट आदि चेक किए। पान सिंह पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम सिरौली, पिंगलो अपनी दुकान पर बिना लाइसेंस के शराब पिलाते हुए रंगेहाथ पकड़े गए। जबकि पुलिस की भनक लगते ही पीने वाले फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी के पास से दो बोतल भरी, एक अधभरी ओर दो स्टील गिलास जब्त किए।




## इनामी आरोपी गिरफ्तार

बागेश्वर : जिले की पुलिस ने 25 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मुखबिर की सूचना पर वह देहरादून से पुलिस के हत्थे चढ़ा। उस पर भराड़ी में दुकान में घुसकर मोबाइल चोरी करने के अलावा मारपीट का मामला चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद उसे अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। (एजेंसी)



## शिविर में 32 समस्याएं दर्ज

बागेश्वर : ऊर्जा निगम उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जगह-जगह शिविर लगाता रहा है। कर्मी में लगे शिविर में 32 लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। इसमें नये विद्युत संयोजन के एक, बिलिंग के 12 मीटरिंग के 18 व एक अन्य एक मामला शामिल था। इसमें से नौ मामलों का मौके पर ही समसधान किया गया । एसडीओ सुरेंद्र भंडारी, जेई आनंद आर्या व अन्य कर्मचारियों ने जिला स्तर पर लंबित समस्याओं का जल्द समाधान कर ने का आश्वासन दिया। ईई मोहम्मद अफजाल ने बताया कि छह फरवरी को बनलेख में शिविर ओाजित होगा। (एजेंसी)

## कैंसर के लक्षण व बचाव के बारे में बताया

चम्पावत : स्वास्थ विभाग की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज दुबाचौड़ में विश्व कैंसर दिवस पर जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान एसीएमओ श्वेता खर्कवाल ने छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को कैंसर के प्रति जागरुक किया। उन्होंने लोगों को कैंसर के लक्षणों और उससे बचाव की जानकारी दी। कैंसर के लक्षण पाए जाने पर कैंसर केयर सेंटर में नियमित जांच कराने की अपील की।

इसके अलावा जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। जिसमें लोगों को कैंसर से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी गई। (एजेंसी)

## छात्रों को दिए कैरियर में सफलता के टिप्स

बागेश्वर : तहसील के राइंका सिरकोट में कॅरियर काउंसलिंग गाइडेंस कार्यशाला आयोजित की गई। इसके अलावा मां-बेटी सम्मान समारोह कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

छात्र-छात्राओं को होम्योपैथिक दवा को लेकर भी जानकारी दी गई। लोगों ने अपने खानपान पर नियमित ध्यान रखने की अपील की गई। कॉलेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा नौ से 12 तक अध्यनरत छात्राओं के लिए कॅरियरकाउंसलिंग एवं गाइडेंस शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही पिछले बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10 एवं 12 में उत्तीर्ण छात्राओं को उनकी माताओं के साथ सम्मानित किया गया। इस




अवसर पर प्रधानाचार्य पीएस बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट,चिकित्सा अधिकारी होम्योपैथिक चिकित्सालय सिरकोट डाक्टर पंत, एसएमसी अध्यक्ष प्रेमा सती, पीटीए अध्यक्ष कुंदन रावत, कॅरियर मार्गदर्शक रघुवंत रावत एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। (एजेंसी)

## बहुउद्देश्यीय पेंशन शिविर में 30 के बनें प्रमाण पत्र



चम्पावत : डीएम नरेंद्र भंडारी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की ओर से राइका दुबाचौड़ में बहुउद्देश्यीय पेंशन शिविर लगाया गया।

इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी आरएस सामंत ने बताया कि आगामी आठ फरवरी को चौमेल, दस फरवरी को ज्ञानखेड़ा में शिविर का आयोजित किए जाएंगे।

शनिवार को आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर में स्वास्थ विभाग की ओर से पांच दिव्यांग पत्र, समाज कल्याण विभाग ने दस वृद्धा वस्था पेंशन, पांच विधवा, चार दिव्यांग और छह यूडीआईडी कार्ड बनाए गए। यहां बीडीओ कवींद्र सिंह रावत, संचालक विधि सह परिविक्षा अधिकारी द्वारिका शर्मा, दीपक गहतोड़ी, सुनील भट्ट, गौरव जोशी, रोहित ढेक, ग्राम प्रधान सुरेश सिंह, महेश पंगरिया, अशोक सिंह रहे। (एजेंसी)

## गजेंद्र बिष्ट अध्यक्ष तो भुवन बने महामंत्री

बागेश्वर : मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रीयल ऐसोसिएशन के लिए गजेंद्र सिंह बिष्ट अध्यक्ष और भुवन सिंह बिष्ट को महामंत्री चुना गया। पदाधिकारियों ने पद और गोपनयीता की शपथ ली। कर्मचारियों के हितों को लेकर संघर्ष का निर्णय लिया। शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार पर चुनावी बैठक आयोजित हुई। उत्तरांचल मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्टर ऐसोसिएशन के चुनाव पर चर्चा हुई। कृषि कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष केसी मिश्रा और उत्तरांचल मिनिस्ट्रीयल ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनिल जोशी की देखरेख में चुनाव हुआ।




## विश्व कैंसर दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

रुद्रपुर। जेएलएन जिला चिकित्सालय की ओर से शनिवार को विश्व कैंसर दिवस पर राजकीय आदर्श विद्यालय पीएसी में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया। साथ ही लोगों से कैंसर का कारण बनने वाली चीजें जैसे धूम्रपान और शराब से दूरी बनाने की अपील की और कैंसर से बचाव के लिए नियमित जांच कराने को कहा। यहां डोरी सिंह, कल्पना, दीपा जोशी, भावना टम्टा रहे।

# सड़कों पर गौवंश छोड़ने पर गौवंश सरंक्षण अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई




**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : पं. राजेन्द्र अणथ्वाल अध्यक्ष उत्तराखण्ड गो सेवा आयोग ने गौवंश के प्रति अपराध पर रोक लगाने हेतु पुलिस विभाग को परिक्षेत्र स्तर पर गठित गौवंश सरंक्षण स्कवायड का प्रत्येक जनपद/थानास्तर तक विस्तारीकरण करने के निर्देष दिए गये। साथ ही राज्य में सभी गौ एवं गौवंश का पंजीकरण सुनिश्चित करने हेतु पशुपालन को निर्देश दिए गये। उन्होंने सड़कों पर गौवंश छोड़ने पर संबंधित के विरूद्ध गौवंश सरंक्षण अधिनियम की धारा-7 के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही किए जाने हेतु सभी नगर निकायों/पंचायतों को निर्देश दिए। राज्य में माह मई-जून में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन के दृश्टिगत सड़कों पर विचरण कर रहे सभी निराश्रित गौ एवं गौवंश के प्रबंधन हेतु गौशाला/शरणालयों की स्थायी व्यवस्था करने हेतु शहरी विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग को निर्देश दिए।

शनिवार को पशुधन भवन मोथरोवाला में उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग की सामान्य कार्यकारिणी की बैठक आहुत की गयी। बैठक में सर्वप्रथम उत्तराखण्ड गो सेवा आयोग में नवनियुक्त सदस्यों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत के साथ दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। बैठक में उत्तराखण्ड गोवंश सरंक्षण अधिनियम, 2007 को और अधिक प्रभावी बनाये जाने हेतु अधिनियम की कतिपय धाराओं में संशोधन एवं आयोग में कार्मिकों का ढांचा स्वीकृत किए जाने एवं आयोग की नियमावली प्रख्यापित किए जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। आयोग को गौ एवं गौवंष के सरंक्षण हेतु कोई भी बजट प्राप्त न होने के कारण वित्तीय संसाधनों के अभाव में दूसरी संस्थाओं पर निर्भर न रहना पड़ता है, उसके लिए हर वित्तीय वर्ष में बजट प्रावधान कराने के निर्देष दिए गये। साथ ही आबकारी, भूमि क्रय एवं अन्य पर शुल्क/सेस लगाकर इससे प्राप्त होने वाली आय को गौ एवं गौवंश के सरंक्षण, संवर्धन एवं विकास के कार्यों पर व्यय किए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। बैठक में वनों के समीप गौचर भूमि पर निराश्रित गौवंश हेतु आदर्श गौशाला एवं गौसदनों को आत्म निर्भर बनाये जाने हेतु गौवंश के गोबर से गैस, गमले, डण्डे (काउ डंग लॉग) दीये, अगरबत्ती आदि तथा गौमूत्र से फिनायल, गौमूत्र अर्क इत्यादि तैयार किए जाने हेतु संयत्रों/मशीनों की खरीद पर सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान दिए जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। उत्तराखण्ड गो सेवा आयोग ने पशुपालकों द्वारा गौवंश के अलाभकारी होने पर सड़कों पर छोड़ने की समस्या के निदान हेतु कानूनी प्रावधानों के साथ-साथ गौवंश के जन्म से लेकर मृत्यु होने पर उसके निस्तारण की एक उपयुक्त व्यवस्था तैयार करने हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ. बीबीआर पुरूषोत्तम सचिव, कृष्ण कुमार संयुक्त सचिव, प्रमोद कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, डा. प्रेम कुमार निदेशक, डा. अविनाश आनन्द अपर निदेशक, डॉ. राकेश नेगी मुख्य अधिशासी अधिकारी, डा0 उर्वशी पशुचिकित्सा अधिकारी, राजीव पाण्डेय सह निदेशक, मनोज कुमार तिवारी उप निदेशक, डा0 डीसी सेमवाल प्रभारी अधिकारी, गो सेवा आयोग एंव उत्तराखण्ड गो सेवा आयोग के नव नियुक्त सदस्य रामेश्वर दास, महामण्डलेश्वर ईश्वरदास के प्रतिनिधि स्वामी पवन दास, शंकर दत्त पाण्डे, धर्मवीर सिंह गुसांई, शीतल प्रसाद, सतीश उपाध्याय, विजय बाजपेयी, राजेन्द्र सिंह नेगी, अनिल सिंह नेगी, गौरी मोलेखी, कामिनी आदि मौजूद थे।

# रापूमा विद्यालय लंगूरी का विज्ञान मॉडल रहा प्रथम



राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी

**जयन्त प्रतिनधि।**

कोटद्वार : प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत कीर्तिखाल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान विज्ञान माडल प्रतियोगिता में जमेली संकुल से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लंगूरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र कीर्तिखाल में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजकीय इंटर कालेज कीर्तिखाल के प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत ने बताया कि विज्ञान माडल प्रतियोगिता में राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लंगूरी की अंशिका व अंबिका ने प्रथम और राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिरमोली की अंशिका व अंजली ने द्वितीय स्थान पाया। गणित माडल में राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लंगूरी की छात्रा नव्या व सिमरन प्रथम और राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हिलोगी के रोहित गुसाईं व श्रेया द्वितीय रहे। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में संकुल कांडाखाल ने प्रथम, संकुल सुराड़ी ने द्वितीय और संकुल डाबरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लंगूरी की टीम अव्वल रही।

इस मौके पर जय सिंह बिष्ट, नीरज पथिक, नवीन कुमार, योगेश कुकरेती, सुनीता नैथानी, हरीश चंद्र, करन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# ठेकेदारों ने लगाया शोषण का आरोप, प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जल जीवन मिशन के कार्यों में कार्यरत ठेकेदारों ने एक अफसर पर कार्य के अनुरूप कमीशन मांगने का आरोप लगाने के साथ ही उनके तबादले की मांग को लेकर जल निगम कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर ठेकेदारों ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य करा रहे ठेकेदारों का उच्च अधिकारी शोषण कर रहे हैं। वर्तमान में निर्माण शाखा में कार्यरत अफसर ठेकेदारों से कार्य के अनुरूप कमीशन की मांग कर रहे हैं। कहा कि इसकी शिकायत वे पूर्व में अधिशासी अभियंता पौड़ी, जिलाधिकारी पौड़ी और सीएम पोर्टल पर दर्ज करा चुके हैं। वे उक्त अधिकारी के तबादले की मांग भी लंबे समय से करते आ रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ठेकेदारों ने मांग की कि उक्त अधिकारी के जांच के दायरे में होने के कारण उनका तबादला किया जाना चाहिए और बाहरी प्रदेशों के ठेकेदार, जो निर्माण शाखा में कार्य कर रहे हैं, उनके अनुभव की जांच भी की जानी चाहिए। धरने को यूकेडी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण ने भी अपना समर्थन दिया।

## कुरणी क्षेत्र में गुलदार का आतंक, दहशत में लोग

रुद्रप्रयाग : केदारघाटी के केदारपुरम गांव (कुरणी) गुप्तकाशी में दो पालतू जनवरों को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया। घटना पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने के साथ पीड़ित व्यक्ति को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

गुप्तकाशी क्षेत्र के करणी गांव में बीते लंबे से गुलदार का आतंक बना है। जिससे क्षेत्रीय लोग शाम ढलते ही दहशत में आ रहे हैं। महिलाएं अकेले जंगल जाने से भी डर रही हैं। गुलदार एक-एक बाद पशुओं को अपना निवाला बना रहा है। जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## वनों की सुरक्षा करना सभी का कर्तव्य

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के बालगंगा रेंज के केपार्स गांव में वन विभाग ने वनाग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता गोष्ठी की। रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान और वन वीट अधिकारी गंभीर बिष्ट ने ग्रामीणों से वनों में आग न लगाने तथा वनाग्नि रोकने में सहयोग करने की अपील की। रेंजर ने कहा कि वन हमारी अमूल्य सम्पदा है, इसकी सुरक्षा करना सभी का कर्तव्य हैं। उन्होंने ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति वनों में आग लगाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ पांच हजार जुर्माने के साथ छह की सजा का प्रावधान है। गोष्ठी में ग्राम प्रधान ममता देवी, मोहन लाल भट्ट, सुदामा देवी, डब्बली देवी, कमला देवी, लक्ष्मी देवी, नागी देवी सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

# बीरोंखाल में खुली चौकी, बेहतर व्यवस्थाओं का भरोसा

## शासन के आदेश पर बीरोंखाल में खोली गई है पुलिस चौकी



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शासन के आदेश के बाद पौड़ी जिले के बीरोंखाल में पुलिस चौकी खोल दी गई है। पुलिस चौकी के शुभांरभ पर पहुंचे ग्रामीणों को पुलिस अधिकारियों ने बेहतर कानून व्यवस्था का आश्वासन दिया। बीरोंखाल में पूजा व हवन के उपरांत पुलिस चौकी का शुभारंभ किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए कुछ माह पूर्व शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में थाने व पुलिस चौकी खोलने के निर्देश दिए थे। बताया कि थलीसैंण व बीरोंखाल पुलिस चौकी में 99 गांव को शामिल किया गया है। यही नहीं पुलिस ने उक्त क्षेत्रों में गश्त भी लगाना शुरू कर दिया है। कहा कि ग्रामीण कानून व्यवस्था से संबंधित अपनी किसी भी शिकायत को पुलिस चौकी या अधिकारियों तक पहुंचा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास करेगी। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रेम लाल टम्टा, चौकी प्रभारी सतेंद्र भंडारी, ध्यान पाल गुसाईं, वसुदेव आदि मौजूद रहे।

# महाराज ने होम स्टे हब तिवाडगांव मरोड को किया पर्यटन ग्राम घोषित

## कहा होटल और होमस्टे में मोटे अनाजों से बना भोजन परोंसे



टिहरी : वर्ष 2023 को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। आज मोटे अनाज का प्रचलन बढ़ रहा है। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए गुणकारी है। इसलिए हमें झिझक छोड़कर अपने होटल और होमस्टे में मोटे अनाजों से बने भोजन को भी परोसना चाहिए।

उक्त बात प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को एशिया के पहले होम स्टे हब तिवाडगांव मरोड में गढ़वाल होम स्टे का शुभारम्भ करने साथ ही उत्तरायणी भगीरथी विकास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने तिवाड गांव मरोड को पर्यटन ग्राम घोषित करते हुए कहा कि जैसे पंजाब में मक्के की रोटी और सरसों का साग बडा प्रसिद्ध है, ऐसे ही हम चाहते हैं कि हमारी कंडली की भुज्जी और मडुवे की रोटी को भी प्रसिद्धि मिले। श्री महाराज ने कहा कि यदि हमारे होम स्टे और होटल चौसू, बाड़ी, फाणू, पहाडी रायते के साथ-साथ वेस्टर्न फूड को भी परोसेगें तो निश्चित रूप से लोग हमारे उत्तराखंड की ओर आकर्षित होंगे और हमारे होमस्टे नंबर वन बन जाएंगे। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा तिवाड़गांव में कुल 15 होमस्टे पंजीकृत किए गए हैं। इसमें से 10 को होमस्टे योजना के तहत राज सहायता दी गई है जबकि 5 को राज सहायता के भुगतान की कार्यवाही चल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी भागीरथी विकास समिति तिवाड गांव को तिवाड गांव के खाले में पर्यटन विभाग द्वारा इंजन रहित जलयानों के संचालन की भी अनुमति दे दी गई है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि विगत वर्षों में टिहरी झील में मोटर बोट खरीदने हेतु पर्यटन विभाग द्वारा 28 लोगों को राज सहायता दी गई जिसमें तिवाड गांव के 8 लोग भी शामिल हैं।

जनपद भ्रमण के दौरान पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मणभागी सौड़, सेम-मुखेम स्थित कुलानंद आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिभाग किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यह प्रदेश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। हम सब मिलकर उत्तराखंड को आदर्श प्रदेश बनाएगें। हमें विकास कार्य में सहयोग देने के साथ-साथ धर्म एवं संस्कृति से जुड़कर भारत को विश्व गुरु बनाने का प्रयास करना है। इस अवसर पर प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, पूर्व ब्लाक प्रमुख खेम सिंह चौहान, पूर्व राज्य मंत्री अतर सिंह तोमर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष परमवीर पंवार, जिला महामंत्री पवन शाह, राजेंद्र सिंह नेगी, कांडी खाला भाजपा मंडल अध्यक्ष ऋषि राम भट्ट, ग्रामीण समिति के अध्यक्ष कुलदीप पंवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश रतूड़ी, ग्राम प्रधान तिवाडगांव संगीता देवी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# एसडीएम ने की सिलयारा के ग्रामीणों के साथ बैठक

नई टिहरी : घनसाली के सिलयारा-नव जीवन आश्रम के लिये स्वीकृत तीन किमी. मोटर मार्ग के विवाद को हल करने के संबंध में एसडीएम केएन गोस्वामी की अध्यक्षता में सिलयारा गांव के सामुदायिक स्थल में संबंधित विभागों और ग्रामीणों की बैठक हुई। ग्रामीण गांव के ऊपर से सड़क मार्ग निर्माण का विरोध कर रहे हैं। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील सिलयारा गांव के ऊपर से नव जीवन आश्रम के लिये स्वीकृत सड़क निर्माण का ग्रामीण विरोध कर रहें हैं। ग्रामीणों ने पूर्व में किये गये सर्वे को बदलकर अन्य जगह से सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीण छविराम जोशी, सच्चिदानंद जोशी तथा महिलाओं ने कहा कि वर्ष 1989 से ग्रामीण आपदा की मार झेल रहे हैं,आपदा के कारण कई परिवार पलायन कर चुके है। सड़क निर्माण से ग्रामीणों द्वारा रोपित संरक्षित प्रजाति के हजारों बांज के पेड़ सड़क के दायरे में आ सकते हैं,साथ ही पेयजल स्त्रोत भी प्रभावित हो सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि जिस जगह से सड़क का निर्माण किया जाना है वह सिंसेटिव जोन है, जिसके ऊपर दरारें पड़ी है। सड़क निर्माण से गांव को भी खतरा पैदा हो सकता है। सिलयारा के नवजीवन आश्रम के लिये गांव के ऊपर सड़क निर्माण किया जाऐगा, लेकिन ग्रामीण आपदा, जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए उक्त स्थान से सड़क निर्माण का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में पूर्व में सिलयारा में डीएम से भेंट कर सड़क का सर्वे बदलने की मांग की है। बैठक में एसडीएम ने गांव के ऊपरी क्षेत्र का जियोलाजिकल सर्वे कराने एवं वैकल्पिक साईड तलाशने के लोनिवि को निर्देश दिये हैं। बैठक में लोनिवि ईई जगदीश खाती, तहसीलदार एलएस नेगी, एसडीओ राखी जुयाल, रेंजर प्रदीप चौहान,बीडीओ सतीश बडोनी सहित ग्रामीण मौजूद थे। (एजेंसी)


**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शिवम (पुराना नाम) से बदलकर शिवम नेगी (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे शिवम नेगी (नया नाम) पुत्र विनोद सिंह नेगी के नाम से जाना पहचाना जाए।

**पता ग्राम खुन्डोली, पोस्ट गूमखाल, पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड।**

(0840/25)

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शुभम (पुराना नाम) से बदलकर शुभम नेगी (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे शुभम नेगी (नया नाम) पुत्र विनोद सिंह नेगी के नाम से जाना पहचाना जाए।

**पता ग्राम खुन्डोली, पोस्ट गूमखाल, पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड।**

(0839/25)

**CHANGE NAME**

I Suman Lata Spouse of No. 15618659P Rank Hav Indra Singh Unit 5th Guards Resident of Vill Batalbari PO Bansi Teh lansdwon Distt Pauri Garhwal (UK) PIN-246155 have change my name From Suman Devi to Suman Lata vide Affifavit N0. IN-UK 34028382767224 V Dated 03/02/2023 before Lansdwon

(0838/25)

**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र कुलदीप सिंह उम्र 30 वर्ष मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा वह बुरी संगति में पड़ चुका है। मेरा पुत्र घर में लड़ाई झगड़ा करता रहता है। उसकी इन हरकतों से तंग परेशान होकर मैं अपने पुत्र कुलदीप सिंह से सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन-देने के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके द्वारा किये गये कि किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन-देन के लिए मैं तथा मेरी पत्नी व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**भगत सिंह पुत्र स्व स्व0 होशियार सिंह निवासी ग्राम हल्दूखाता तल्ला पोस्ट कलालघाटी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0841/25)


# 15 दिन में अतिक्रमण हटाने को कहा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : तूना-बौंठा मोटर मार्ग पर अतिक्रमण व आए दिन लग रहे जाम की शिकायत का संज्ञान लेते हुए विगत दिनों जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने उक्त मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर राजस्व, लोनिवि व पुलिस विभाग की टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। सड़क के 9 मीटर के दायरे में निर्मित सभी भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए तहसीलदार रुद्रप्रयाग मंजू राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को लोनिवि, राजस्व, पुलिस विभाग व नगर पालिका की टीम ने तूना-बौंठा मोटर मार्ग के अंतर्गत बस अड्डे से राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज तक संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उन्हें 15 दिनों में अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सहायक अभियंता लोनिवि, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली व नगर पालिका परिषद के सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक चोपता व राजस्व उप निरीक्षक पुनाड़ की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लोनिवि द्वारा सड़क के मध्य से 4.5 मीटर ऊपर व नीचे कुल 9 मीटर सड़क के अंदर स्थित भवनों व दुकानों आदि पर मार्किंग की गई है। अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि सड़क के 9 मीटर के दायरे में निर्मित सभी भवन स्वामियों को उनके स्तर से नोटिस जारी किए जाएंगे। इस अवसर पर सहायक अभियंता लोनिवि अरविंद सतवार्या, राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक सफीक अहमद सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रतिस्पर्द्धा के युग में छात्र पूरी मेहनत व लगन से लक्ष्य को पूरा करने में जुटें : नेगी

नई टिहरी : प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक थौलधार (रामगढ़) के राजकीय इंटर कालेज बेरग्नी में क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथ मौजूद विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि आज के छात्र भविष्य के राष्ट्र निर्माता हैं। इसलिए इनके मार्ग दर्शन में सभी को अहम भूमिका निभानी है। विधायक ने मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। विधायक नेगी वे मेधावी छात्रों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनाते हुए अपने माता-पिता, क्षेत्र, राज्य व देश का नाम रोशन करने का काम करें। प्रतिस्पर्द्धा के युग में छात्रों से पूरी मेहनत व लगन से लक्ष्य को पूरा करने में जुटने की अपील भी की।

# सही भोजन, बेहतर जीवन शैली अपनाएं, जंक फूड से रहे दूर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राष्ट्रीय सेवा योजना जनपद पौड़ी गढ़वाल के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ईट राइट इंडिया मूवमेंट के तहत जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें स्वस्थ भोजन बेहतर जीवन पर जानकारी दी गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी दीपेश काला ने कहा कि हमें स्वस्थ भोजन प्राप्त करने के लिए अपने खाने में फाइबर युक्त अनाज की अधिकता रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने पारंपरिक क्षेत्रीय उत्पादों को अपने खानपान में शामिल करना चाहिए। प्राथमिक शिक्षा अधिकारी रामेद्र कुशवाहा ने कहा कि हमें खानपान के साथ-साथ अपनी दैनिक गतिविधियों को प्रकृति से जोड़ना चाहिए। हमें सूर्योदय से पूर्व उठना चाहिए। हमें स्वस्थ खाने के साथ-साथ अपने पेट को भी साफ रखना चाहिए और यह तभी संभव हो सकता है जब हमारी दिनचर्या नियमित होगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय महगांई ने कहा कि हमें सही भोजन बेहतर जीवन शैली अपनाना चाहिए। हमें जंक फूड के प्रयोग से बचना चाहिए।

राजमती देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिमली पौड़ी में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ रामेन्द्र कुशवाहा प्राथमिक मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी, दीपेश काला जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी पौड़ी, डॉ0 एमएम नौडियाल जिला रेड क्रॉस सोसाइटी पौड़ी, परितोष रावत जिला समन्वयक पौड़ी, संजय ममगांई प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में जिला समन्वयक परितोष रावत ने बताया कि हमें अपने खानपान में दलहन, अनाज, फल और सब्जियों का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहिए तथा चीनी, नमक तथा तेल के प्रयोग को कम से कम करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ईट राइट इंडिया मूवमेंट भारत सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की एक पहल है। जो सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वास्थ्य और टिकाऊ भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए है। अगले 3 वर्षों में नमक चीनी वह तेल 30 प्रतिशत कम करने का उद्देश्य रखा गया है। इस अवसर पर प्रशिक्षक डॉ0 एमएम नोडियाल ने कहा कि हमें जीवन में स्वस्थ भोजन के साथ साथ अपने जीवन चर्या को भी सही रखना होगा। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यक्रम अधिकारी पूनम रावत (राजकीय इंटर कालेज पोखड़ा), अनिल चंद डिमरी (राजकीय इंटर कालेज कोट), सीमा नेगी (राजकीय इंटर कालेज साकिनखेत), पीएस पवार (बी.आर मॉडर्न पौड़ी), विपुल चंदोला (राजमती देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिमली), सुरजी नेगी (इंटर कॉलेज परसुंडाखाल), स्वयंसेवी विकास राणा (बी.आर मॉडर्न पौड़ी), सोनिया (राजकीय इंटर कालेज साकिनखेत), श्वेता (इंटर कॉलेज परसुंडाखाल) को सम्मानित किया गया।

# साहस कहें या दुस्साहस?

मध्य वर्ग के लिए आय कर में टूट का जो एलान शुरुआत में बड़ा दिखा, वह विश्लेषण पर दिखावटी मालूम पडने लगा। साफ हो गया कि इसके पीटे मकसद साफ तौर पर विभिन्न मदों से मिलने वाले डिडक्शन को खत्म करना है।

आप चाहें, तो इसे साहस या आत्म-विश्वास कह सकते हैं। किसी और नजरिए से इसे दुस्साहस या अति आत्म-विश्वास भी कहा जा सकता है। लेकिन यह सचमुच काबिल-ए-गौर है कि चुनावी साल होने के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने बजट में षि क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र, कल्याणकारी योजनाओं आदि के लिए बजट में कटौती कर दी। मध्य वर्ग के लिए आय कर में टूट का जो एलान शुरुआत में बड़ा दिखा, वह विश्लेषण पर दिखावटी मालूम पडने लगा। साफ हो गया कि इसके पीटे मकसद साफ तौर पर विभिन्न मदों से मिलने वाले डिडक्शन को खत्म करना है। इसके अलावा बीमा मैच्युरिटी की रकम पर भी टैक्स लगाने का फैसला सरकार ने किया है। इस बजट की एक खास बात पूंजीगत खर्च में 33 प्रतिशत वृद्धि बताई गई है। लेकिन इस रकम का कितना बड़ा हिस्सा सब्सिडी के रूप में बड़े करपोरेट घरानों को जाएगा और कितने से सचमुच सार्वजनिक संपत्ति निर्मित होगी, इसका ब्योरा नहीं दिया गया है।

तो साफ है कि सरकार को भरोसा है कि उसके पास चुनाव जीतने का ऐसा फर्मूला है, जिससे बजट से डाले गए बोझ भी बेअसर बने रहेंगे। गौर कीजिए। बजट से ठीक पहले आए इकोनमिक सर्वे में कहा गया था कि वित्त साल 2022-23 में आर्थिक वृद्धि इन तीन वजहों से हुईरू कोरोना के बाद मांग में बढ़ोतरी, 2022 के पहले कुछ महीनों में बढ़ा निर्यात और सरकार की ओर से किए गए खर्चे। इनमें से दो बातें तो अगले साल के लिए डरावना इशारा कर रही हैं। मांग के अगले साल और बढने के आसार नहीं हैं। नई नौकरियां आती हैं और तनख्वाह बढ़ती है, तो फिर मांग बढ़ती है। अभी भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हालात इससे उलट हैं। निर्यात में बढ़ोतरी की संभावना भी नहीं है। जाहिर है, आम जन की अर्थव्यवस्था तो फिलहाल डगमग ही रहने वाली है। खुद सरकार भी कर्ज का बोझ बढ़ेगा, यह बजट में ही कहा गया है। इसके बावजूद अमृत काल का नारा उछाला गया है, तो यह भी सरकार के अति आत्म-विश्वास का ही संकेत देता है।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र: दिल्ली-टोक्यो बन्डिंग

**अहम प्रश्न है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद से अब तक जापान सैन्य शक्ति के विस्तार और अपग्रेडेशन के विरुद्ध रहा तो अब ऐसा क्यों? क्या जापान ने चीन की सैन्य ताकत को भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक दृष्टि से समझ लिया है? अथवा कारण कुछ और है? शी जिनिपंग कम्युनिस्ट पार्टी अफ चाइना (सीपीसी) की 20वीं कांग्रेस में घोषणा कर चुके हैं कि 2049 तक चीन को उस हैसियत में ले चाहते हैं कि वह राष्ट्रीय शक्ति के रूप में दुनिया को नेतृत्व करे। अहम बात है कि अगर जिनिपंग एशियाई देशों के नेतृत्व वाली क्षेत्रीय व्यवस्था का आह्वान कर सकते हैं, जो तकनीकी तौर पर सैन्य गठबंधन की शक्ल का हो सकता है। अगर आज से दस वर्ष पूर्व तत्कालीन चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओं चीन को सामुद्रिक महाशक्ति बनाने की घोषणा कर सकते हैं तो फिर आज हिंद-प्रशांत के प्रत्येक राष्ट्र को ऐसी महवाकांक्षा पैदा करने का पूरा करने का अधिकार है।**

**डा.रहीस सिंह**

हिंद प्रशांत क्षेत्र भू-राजनीतिक दृष्टि से अपेक्षात अधिक सक्रिय दिख रहा है।

इसका कारण यह है कि इस क्षेत्र में चीन आक्रामक है, और एक विश्व व्यवस्था का निर्माण करने की कोशिश में है जिसकी केंद्रीय शक्ति वही हो। अमेरिका अपने पुराने युग की ओर देख रहा है, और इस उद्देश्य से चीन को रोकना चाहता है। जापान फिर से सैन्य ताकत बनने का सपना देख रहा है, और शेष देश इस गेम में चाहे-अनचाहे हिस्सा बन जा रहे हैं। क्या भारत-जापान के बीच परंपरागत मैत्री भर है अथवा इससे आगे की बात? निष्कर्ष की ओर प्रस्थान से पहले तीन बिंदुओं पर विचार करने की जरूरत है। पहला- वाशिंगटन स्थित सेंटर फर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज में अपने वक्तव्य में जापान के व्यापार एवं उद्योग मंत्री यासुतोषी निशिमूरा का कथन कि अमेरिका और उसकी जैसी सोच रखने वाले दुनिया के लोकतांत्रिक देशों को नई वैश्विक व्यवस्था के निर्माण का प्रयास करना चाहिए।

उनका तर्क है कि शीत युद्ध के बाद मुक्त व्यापार और अर्थव्यवस्थाओं के कारण तानाशाही ताकतों को मजबूती मिली है। उनका इशारा बीजिंग और मस्को की तरफ था। दूसरा- दिसम्बर, 2022 में जापान ने अपनी रक्षा रणनीति में बदलाव लाने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य है जवाबी कार्रवाई के लिए सैन्य क्षमता में वृद्धि। तो क्या जापान नई एशियाई सैन्य शक्ति बनना चाह रहा है? क्या यह फिर से जापानी सैन्यवाद के उस युग की ओर लौटने की कोशिश है जिसका अंतिम परिणाम द्वितीय विश्व युद्ध अथवा हिरोशिमा, नागासाकी पर परमाणु हमला था? तीसरा है- जनवरी, 2023 में भारत के साथ जापान द्वारा पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास करना।

अहम प्रश्न है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद से अब तक जापान सैन्य शक्ति के विस्तार और अपग्रेडेशन के विरुद्ध रहा तो अब ऐसा क्यों? क्या जापान ने चीन की सैन्य ताकत को भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक दृष्टि से समझ लिया है? अथवा कारण कुछ और है? शी जिनिपंग कम्युनिस्ट पार्टी अफ चाइना (सीपीसी) की 20वीं कांग्रेस में घोषणा कर चुके हैं कि 2049 तक चीन को उस हैसियत में ले चाहते हैं कि वह राष्ट्रीय शक्ति के रूप में दुनिया को नेतृत्व करे। अहम बात है कि अगर जिनिपंग एशियाई देशों के नेतृत्व वाली क्षेत्रीय व्यवस्था का आह्वान कर सकते हैं, जो तकनीकी तौर पर सैन्य गठबंधन की शक्ल का हो सकता है। अगर आज से दस वर्ष पूर्व तत्कालीन चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओं चीन को सामुद्रिक महाशक्ति बनाने की घोषणा कर सकते हैं तो फिर आज हिंद-प्रशांत के प्रत्येक राष्ट्र को ऐसी महवाकांक्षा पैदा करने का पूरा करने का अधिकार है।

दरअसल, जापान को पता है कि चीन केवल अर्थव्यवस्था के कारण अपना दबदबा कायम करने में सफल नहीं हुआ है, बल्कि सैन्य ताकत कहीं अधिक निर्णायक है। इसलिए जापान को भी आर्थिक ताकत के साथ-साथ सैन्य शक्ति बनना होगा। इसी दिशा में आगे जाने के लिए जापान ने अपने रक्षा खर्च को दोगुना बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2 प्रतिशत तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। इसका अर्थ हुआ कि 2027 तक जापान 320 अरब डलर रक्षा पर खर्च करेगा। जापान का यह शडिदें स बिल्डअप प्लान वार्षिक बजट में 73 अरब डलर की वृद्धि करेगा। इसके बाद अमेरिका और चीन के बाद जापान दुनिया का तीसरा सबसे बड़े रक्षा बजट वाला देश हो जाएगा। हाल के वर्षो में न केवल ट्रांस-पेसिफिक, बल्कि पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन भू-राजनीति में जिस आक्रामकता का प्रदशर्न कर रहा है, वह किसी भी देश को अपनी रक्षा पंक्ति मजबूत करने और सैन्य गठबंधन को विस्तार देने के लिए विवश कर सकता है। उधर चीनी ा ण जाल अपना कार्य तो कर ही रहा है, साथ ही मलक्का से जिबूती तक अपनी सामुद्रिक शक्ति का विस्तार, चाइना-पाकिस्तान इकोनिमक करिडोर (सीपेक) के जरिए श्काशगर से ग्वादर तक सैनिक-आर्थिक दीवार का निर्माण और श्बेल्ट एंड रोड एनीशिएटिव द्वारा दुनिया में नये किस्म के उपनिवेश-ावाद की बुनियाद रखना नई विश्व व्यवस्था में असंतुलन व नये संघर्ष की संभावनाओं का संकेत है।

यदि कोविड 19 महामारी के कारण चीन बेनकाब न हुआ होता, दुनिया के अंदर उसके प्रति श्ट्रस्ट डेफिसिट न बढ़ा होता तथा आंतरिक चुनौतियों के कारण जिनिपंग बैकफुट पर आने के लिए विवश न हुए होते अथवा चीनी अर्थव्यवस्था सांसें न फूल रही होती तो चीन किसी नये इतिहास को लिखने की कोशिश में होता। रूस-यूक्रेन युद्ध के परिणाम कुछ और रहे होते तो शायद चीन ताइवान पर हमला कर चुका होता। ये स्थितियां बताती हैं कि जापान के लिए ही नहीं, बल्कि भारत सहित अन्य देशों के लिए भी जरूरी है कि साझी सामरिक नीति की ओर निर्णायक रूप में बढ़ें। भारत के साथ जापान का साझा युद्धाभ्यास इसी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। यह युद्धाभ्यास केवल जापान के भू-सामरिक हितों के लिहाज से महवपूर्ण नहीं, बल्कि भारत के लिए श्बैक-एंड प्रेसर (दूसरे छोर पर दबाव) की दृष्टि से भी महवपूर्ण है विशेषकर डोकलाम, गलवान और लद्दाख में चीनी पीपल्स आर्मी की हरकतों को देखते हुए।

इस तरह की चीनी हरकतों में उसके दो उद्देश्य छिपे हैं।

पहला-अपेक्षात छोटे और आर्थिक रूप से कमजोर देशों के अंदर भय पैदा करना कि वे चीनी छतरी के नीचे नहीं आए तो आर्थिक संकट का शिकार हो सकते हैं। दो- लघु स्तर के युद्ध लडना या सीमा पर दबाव बनाना ताकि और शक्तिशाली बनकर उभर सके। जरूरी है कि दूसरे देश भी अपनी सैन्य क्षमता को बेहतर बनाएं। ऐसे में नई दिल्ली-टोक्यो बन्डिंग अथवा नई दिल्ली-टोक्यो-वाशिंगटन ट्राईलेटरल अथवा नई दिल्ली-टोक्यो-वाशिंगटन-कैनबरा क्वाड्रिलैटरल अपेक्षित भी है, और अपरिहार्य भी। जब जिनिपंग श्चीनी युग लाने के दंभ से बाहर न आ पा रहे हों और वाशिंगटन कभी बीजिंग की ओर खिसकता हुआ तो कभी दूर होता दिख कर भ्रम पैदा कर रहा हो तब नई दिल्ली-टोक्यो पुनर्सयोजन आवश्यक हो जाता है। वैसे भी भारत-जापान दोस्ती दो अर्थव्यवस्थाओं, दो संसतियों, दो सामरिक शक्तियों, दो रणनीतियों और दो सार्थक संयोजनों की प्रतिनिधि है, जो नई एशियाई व्यवस्था की दृष्टि से विशिष्ट, पारस्परिक जरूरतों के साथ-साथ एशियाई सदी के लिए बेहतर संभावनाओं वाली हो सकती है।

# सरकार में फेरबदल का क्या हुआ?



भाजपा संगठन में जिस तरह फेरबदल की चर्चा थम गई है वैसे ही नरेंद्र मोदी की सरकार में बदलाव और विस्तार की चर्चा भी अब मीडिया से गायब है। मंत्री पद बचाने या मंत्री पद हासिल करने के लिए ज्योतिष और मंदिरों की शरण में जा रहे नेतागण अब ठंडे पड़ गए हैं। संसद का बजट सत्र शुरू हो गया है और उनको लग रहा है कि प्रधानमंत्री अभी तत्काल सरकार में फेरबदल नहीं करने जा रहे हैं। संसद सत्र में हिस्सा ले रहे नेताओं से इस बारे में पूटे जाने पर उनका पलट के सवाल होता है कि इसकी जरूरत क्या है? हालांकि राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए फेरबदल की जरूरत है, यह बात पार्टी के नेता भी मान रहे हैं। लेकिन सवाल है कि वह फेरबदल कब होगी?

क्या संसद के बजट सत्र का पहला चरण 10 अप्रैल को समाप्त होगा और उसके बाद 13 मार्च तक अवकाश रहेगा उस बीच सरकार में फेरबदल होगी? यह मुश्किल लग रहा है क्योंकि इस एक महीने के अवकाश में सभी मंत्रालयों के बजट और अनुदान मांगों पर विचार विमर्श होता है। इन मंत्रालयों की संसद की स्थायी समिति में विचार होता है। ऐसे समय में मंत्री बदलने से कामकाज भी प्रभावित होगा और संदेश भी अच्छा नहीं जाएगा। तभी अब कहा जा रहा है कि छह अप्रैल को बजट सत्र समाप्त होने के बाद फेरबदल होगी। छह अप्रैल से लेकर 30 मई के बीच जब मोदी सरकार के चार साल पूरे होंगे, मंत्रिमंडल में बदलाव का अनुमान लगाया जा रहा है। पहले पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बाद यानी 18 जनवरी से बजट सत्र शुरू होने यानी

> मंत्री पद बचाने या मंत्री पद हासिल करने के लिए ज्योतिष और मंदिरों की शरण में जा रहे नेतागण अब ठंडे पड़ गए हैं। संसद का बजट सत्र शुरू हो गया है और उनको लग रहा है कि प्रधानमंत्री अभी तत्काल सरकार में फेरबदल नहीं करने जा रहे हैं। संसद सत्र में हिस्सा ले रहे नेताओं से इस बारे में पूटे जाने पर उनका पलट के सवाल होता है कि इसकी जरूरत क्या है? हालांकि राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए फेरबदल की जरूरत है, यह बात पार्टी के नेता भी मान रहे हैं। लेकिन सवाल है कि वह फेरबदल कब होगी? क्या संसद के बजट सत्र का पहला चरण 10 अप्रैल को समाप्त होगा और उसके बाद 13 मार्च तक अवकाश रहेगा उस बीच सरकार में फेरबदल होगी? यह मुश्किल लग रहा है क्योंकि इस एक महीने के अवकाश में सभी मंत्रालयों के बजट और अनुदान मांगों पर विचार विमर्श होता है। इन मंत्रालयों की संसद की स्थायी समिति में विचार होता है। ऐसे समय में मंत्री बदलने से कामकाज भी प्रभावित होगा और संदेश भी अच्छा नहीं जाएगा। तभी अब कहा जा रहा है कि छह अप्रैल को बजट सत्र समाप्त होने के बाद फेरबदल होगी। छह अप्रैल से लेकर 30 मई के बीच जब मोदी सरकार के चार साल पूरे होंगे, मंत्रिमंडल में बदलाव का अनुमान लगाया जा रहा है। पहले पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बाद यानी 18 जनवरी से बजट सत्र शुरू होने यानी 31 जनवरी के बीच बदलाव की चर्चा थी। अब छह अप्रैल से 30 मई के बीच बदलाव का अनुमान है।

31 जनवरी के बीच बदलाव की चर्चा थी। अब छह अप्रैल से 30 मई के बीच बदलाव का अनुमान है। ध्यान रहे अभी तक नरेंद्र मोदी ने अपनी दूसरी सरकार में सिर्फ एक बार, जुलाई 2021 में फेरबदल की थी।

# बगीचे को साफ रखने के लिए इस्तेमाल करें ये 5 टिप्स



घर पर एक अच्छा और सुंदर बगीचा बनाए रखना पर्यावरण के लिए काफी अच्छा होता है। इसके साथ ही यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बढिया है। दिनभर की थकान के बाद बगीचे में आराम से बैठकर अपने सुंदर पौधों को फलते-फूलते देखना काफी शानदार दृश्य है, जिससे आप काफी सुकून महसूस करते हैं। आइए आज आपको अपने बगीचे को साफ रखने के लिए पांच गार्डनिंग टिप्स बताते हैं, जिनका पालन आपको जरूर करना चाहिए।

**बगीचे से जंगली घास को निकाल दें**

आमतौर पर बगीचों में जंगली घास हो जाती है, जो कीटों के समान होती है। यह बीज तक पहुंचकर पौधों को खराब कर सकती है, इसलिए अपने बगीचे को अच्छा रखने के लिए सभी खरपतवारों को साफ करना जरूरी है। हालांकि, खरपतवारों को मारने के लिए रसायनों का इस्तेमाल अक्सर मिट्टी को भी प्रभावित कर सकता है। इस वजह से खरपतवारों को हाथ से या फिर कुदाल का इस्तेमाल करके निकालना सबसे अच्छा तरीका है।

**नियमित रूप से घास काटें और पानी दें**

अपने बगीचे को हरा-भरा बनाने और ताजी स्थिति में रखने के लिए घास और पौधों को पानी देना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। मौसम के आधार पर पौधों को रोजाना और घास को सप्ताह में दो-चार बार पानी दें। इसके अलावा जब घास पांच-छह सेंटीमीटर ऊंचाई तक बढ़ जाए तो अपने बगीचे की कटाई जरूर करें। नियमित घास काटने से घास भी समय के साथ मजबूत और स्वस्थ हो जाती है।

**गमलों और पत्तियों को रोजाना साफ करें**

यदि आप अपने बगीचे की सुंदरता को बनाए रखना चाहते हैं तो गमलों और पत्तियों पर लगी धूल और मिट्टी को साफ करने की आदत डाल लें। पत्तियों से धूल साफ करने से वे ज्यादा फ्रेश दिखाई देंगी। इस बात का भी ध्यान रखें कि पौधे को अधिक रोशनी मिलती रहे। याद रखें कि पत्तियों को साफ करने के लिए हमेशा एक मुलायम कपड़े का इस्तेमाल करें और गमलों को साफ करके पानी से धो दें।

**सूखी पत्तियों को हटाकर झाडियों की टंटाई करें**

बगीचे को साफ-सुथरा दिखाने के लिए समय-समय पर सूखी और गिरी हुई पत्तियों को हटाना जरूरी होता है। ये गिरी हुई पत्तियां अक्सर बगीचे में सड़ जाती हैं और सतह को फिसलने वाली बना सकती हैं। इन्हें साफ करने के लिए आप बगीचे की झाड़ू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा बगीचे के पौधों के अन्य हिस्सों को खराब होने से रोकने के लिए सूखी झाडियों और खराब पत्तियों की कटाई-छंटाई करना भी जरूरी होता है।

**बगीचे के फर्नीचर और सजावट को साफ करें**

बगीचे में मौजूद टेबल, कुर्सियां या लाउंजर जैसे फर्नीचर और सजावट की चीजों में गंद्गी, नमी, फफूंदी और धूल जम जाती है। इसकी वजह से बगीचे बेकार और गंदे दिखने लगते हैं। बगीचे को सुंदर बनाए रखने के लिए हफ्ते में एक बार गीले कपड़े से इनकी सफा-ई करना जरूरी होता है। इसके अलावा साफ और शुद्ध वातावरण बनाए रखने के लिए टूटे या घिसे-पिटे फर्नीचर की मरम्मत या उसे बदलवाना जरूर याद रखें।

# रेलवे : अधिक तवज्जो की दरकार



**अरविन्द कुमार सिंह**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 के बजट में 240 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत परिव्यय के साथ दावा किया है कि यह अब तक का सर्वाधिक परिव्यय है, जो 2013-14 की तुलना में नौ गुना ज्यादा है।

लेकिन इस बजट के केंद्र में रेलवे की जगह पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान है, जिसका सपना अरुण जेटली के आखिरी बजट में तैयार हुआ था। यह भारी भरकम करीब 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजना है। इसमें सड़क, रेल, हवाई अड्डा, बंदरगाह, सार्वजनिक परिवहन, जलमार्ग और लजिस्टिक ढांचा शामिल हैं। बजट में जो व्यवस्था की गई है, वो रेलवे को मजबूती देगी लेकिन काफी बड़ी तादाद में लंबित रेल परियोजनाओं को और अधिक धन की दरकार है। अभी जिस तरह निजी निवेश का खाका बुना गया है, वह जमीन पर नहीं उतरा तो अपेक्षित बदलाव को झटका लग सकता है। फिलहाल रेलवे बेहतर सेहत की ओर अग्रसर है। सरकार द्वारा धन आवंटन में बढ़ोतरी होने से रेलवे में काफी काम हो रहा है।

भारतीय रेलवे के तहत चल रहीं प्रमुख परियोजनाओं में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना, डेडिकेटेड फ्रेट करिडोर परियोजना, मल्टी माडल कागरे टर्मिनल, वंदे भारत रेलगाड़ी आदि हैं। इनमें डेडिकेटेड फ्रेट करिडोर यूपीए सरकार में आरंभ किया गया था और यही रेल परिवहन के कायाकल्प वाली सबसे अहम परियोजना भी है, जो देर से सही पूरी होने के कगार पर है।

सरकार की चिंता देश में लजिस्टिक लागत में कमी की है, जो अभी जीडीपी के 14 से 18त्न के बीच है। दुनिया में तमाम जगहों पर 8त्न है। उच्च परिवहन लागत दुनिया के बाजारों में हमारे उत्पादों को टिकने नहीं देती। भले हमारी परिवहन प्रणाली में रेलवे के अलावा दूसरे साधन भी अहम हैं, लेकिन इनमें बेहतर तालमेल नहीं है रेलवे की क्षमता और अहमियत अलग है। लेकिन हकीकत यह है कि पीएम गतिशक्ति में सड़कों पर ज्यादा जोर है, जो 60त्न से ज्यादा माल ढुलाई कर रही है। 2014 से 2022 के दौरान सालाना औसतन 1835 किमी. लाइनें बनीं। दिसम्बर, 2023 तक रेलवे की बड़ी लाइन का 100 फीसदी विद्युतीकरण साकार करने की योजना है। 2017-18 में रेल बजट को आम बजट में समाहित करने के बाद उम्मीद थी कि रेलवे की सबसे तेज प्रगति होगी लेकिन सड़कों की गति तेज है। फिर भी 2024-25 तक रेलवे की अहम परियोजनाओं को साकार किया जा सकता है, जिसके बाद भीड़भाड़ में 51त्न तक कमी आएगी। इसी हिसाब से 2024-25 तक रेलवे 1600 मिलियन टन माल ढुलाई की कल्पना कर रही है।

तमाम चुनौतियों के बाद भी रेलवे यात्री और माल यातायात में सबसे ज्यादा किफायती है। वही सस्ती दर पर यात्रा कराती है। रेलवे में निजीकरण को लेकर चिंता है, जो इसके मूल स्वरूप को प्रभावित कर सकता है। 2020-2021 के आम बजट के बाद पीपीपी के तहत 150 यात्री गाडियों के प्रचालन का फैसला हुआ तो कई कयास लगे। हालांकि उसमें अभी बाधाएं हैं पर स्टेशनों को निजी क्षेत्र को सौंपने का काम शुरू हो चुका है। इस बार भी 100 नई योजनाओं की शुरु आत निजी क्षेत्र की मदद से करने का खाका तैयार किया गया है। रेलवे के साथ वित्तीय मोच्रे पर कई दिक्कतें हैं। पहले से ही रेलवे का कुल बजट में आंतरिक राजस्व का हिस्सा 5त्न से घट कर 2त्न पर आ गया था। 2020-21 में आतंरिक राजस्व सृजन वाषिर्क योजना का केवल 34त्न रहा और बाजार से उधारी पर रेलवे की निर्भरता बढ़ी।

उसका सामाजिक दायित्व 2018-19 में 55,857 करोड़ तक पहुंच गया और बढ़ता जा रहा है। वहीं रेलवे का प्रचालन अनुपात चिंताजनक है। उसे एक रुपया कमाने के लिए इतना व्यय करना पड़ता है कि पैसा बचता नहीं। सीएजी ने 2019 में ही कहा था कि यह रेलवे के वित्तीय स्वास्थ्य के विफल होने का संकेत है। सीएजी ने 2019-20 में पेंशन भुगतान को समाहित कर प्रचालन अनुपात 9836 की जगह 11435 फीसदी माना और कहा कि यात्री और अन्य कोचिंग शुल्कों पर विचार होना चाहिए।

रेलवे महाबली है पर उसे कई आवश्यक मदों को सस्ते में ढोना पड़ता है। बहुत जरूरी थोक मदों और लंबी दूरी के माल परिवहन पर ही उसकी निर्भरता है। 1950-51 के दौरान रेलवे 88त्न और सड़कें 10त्न माल ढुलाई कर रही थीं। रेलों का माल 27त्न पर आ गया। 2020-2021 में आम बजट प्रस्तुत करते समय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकेत दिया था कि रेलवे के उद्धार का सहारा पीपीपी ही रह गया है।

2017-18 में आम बजट में रेलवे को समाहित किया गया तो कहा गया था कि रेल आधुनिकीकरण और सुरक्षा पहलुओं पर अधिक ध्यान दे सकेगी। ऐसा हुआ है लेकिन अभी जो परिकल्पना थी, वह कहीं नजर नहीं आ रही। आजादी के बाद से रेलवे में यात्री यातायात 1344 फीसदी और माल यातायात में 1642 फीसदी बढ़ा लेकिन रेलमार्ग महज 23 फीसदी बढ़ा। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय रेल के कायाकल्प को सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा बनाया।

विजन 2024 के तहत भारतीय रेल ने 14,000 किमी. पटरियां बिछाने, समूचे रेलवे नेटवर्क के विद्युतीकरण, महवपूर्ण मार्गों पर गति उन्नयन, महवपूर्ण कोयला संपर्क और बंदरगाह संपर्क जैसी योजनाओं को साकार कर 2024 मिलियन टन माल ढुलाई की जो परिकल्पना की थी, वह जमीन पर उतरती नहीं दिख रही। भारतीय रेल नेटवर्क के तहत वर्गीत उच्च यातायात वाले सात अहम करिडोरों और 11 अति व्यस्त मार्गों पर काफी दबाव है। यह 24,230 किमी. और रेल नेटवर्क का करीब 35त्न है, जो 40त्न यात्री यातायात संभालता है। डेडिकेटेड फ्रेट करिडोर और बड़ी लाइनों के पूर्ण विद्युतीकरण से तस्वीर बदलेगी।

# लाल पत्ता गोभी को डाइट में करें शामिल, मिलेंगे ये 5 प्रमुख फायदे

पत्ता गोभी की विभिन्न किस्मों में शामिल लाल पत्ता गोभी (जिसे बैंगनी गोभी भी कहा जाता है) को पोषक तत्वों के मामले में सबसे ज्यादा बेहतर माना जाता है। एंथोसायनिन नामक फ्लेवोनोइड और एंटी-अक्सीडेंट की उपस्थिति के कारण इसमें लाल-बैंगनी रंग होता है, वहीं यह डाइटरी फाइबर, विटामिन- सी और विटामिन- के का समृद्ध स्त्रोत है। आइए जानते हैं कि लाल पत्ता गोभी को डाइट में शामिल करने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

**केंसर का खतरा हो सकता है कम**

कई अध्ययनों के मुताबिक, लाल पत्ता गोभी में मौजूद एंथोसायनिन 36 प्रकार के केंसर रोधी रसायन प्रदान करते हैं। इसके अलावा, लाल पत्ता गोभी में ग्लूकोसाइनोलेट्स (एक प्रातिक यौगिक) होता है, जो आइसोथियोसाइनेट यौगिकों में टूट जाता है। इन यौगिकों में केंसर विरोधी प्रभाव होते हैं और ये मूत्राशय, स्तन और प्रोस्टेट केंसर के जोखिम को कम कर सकते हैं।

**वजन घटाने में है सहायक**

लाल पत्ता गोभी डाइटरी फाइबर का एक बेहतरीन स्त्रोत है और इसमें कम कैलोरी होती है। डाइटरी फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखकर फालतू के खाने से बचाने में मदद करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है। इसके अतिरिक्त डाइटरी फाइबर मेटाबलिज्म की कार्यक्षमता को बढ़ाकर शरीर में मौजूद अतिरिक्त चर्बी को कम करने में भी काफी मदद कर सकता है।

इम्यूनिटी मजबूत करने में है सहायक

लाल पत्ता गोभी विटामिन- सी और विटामिन- के का एक अच्छा स्त्रोत है। ये विटामिन्स इम्यूनिटी को मजबूती प्रदान करने में मदद कर सकते हैं। इसमें कैल्शियम, फाइबर, आयरन, कपर और फ्लेवोनोइड्स की अधिक मात्रा मौजूद होती है, जो इसे संक्रमण से लडने वाले उत्तकों और कोशिकाओं के उचित विकास के लिए महत्वपूर्ण बनाते हैं। इस वजह से लाल पत्ता गोभी को डाइट में शामिल करना अच्छा है।

**पाचन क्रिया के लिए है लाभदायक**

पाचन क्रिया से जुड़ी समस्याएं पूरे शरीर को प्रभावित कर सकती हैं। अगर आप अपनी पाचन क्रिया को तरह-तरह की समस्याओं से सुरक्षित रखते हुए स्वस्थ रखना चाहते हैं तो अपनी डाइट में लाल पत्ता गोभी को शामिल करें। लाल पत्ता गोभी में कई ऐसे रासायनिक यौगिक भी मौजूद होते हैं, जो पाचन क्रिया में बाधा डालने वाले सूक्ष्मजीवों को खत्म करने का काम करते हैं। इससे पाचन क्रिया में सुधार हो सकता है।

**हृदय के स्वास्थ्य के लिए है फायदेमंद**

एंथोसायनिन एंटी-अक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-कार्सिनोजेनिक गुणों से भरपूर लाल पत्ता गोभी कोरोनरी हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद कर सकती है। लाल पत्ता गोभी का सेवन हाई ब्लड प्रेशर और खराब कोलेस्ट्रल को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह अच्टे कोलेस्ट्रल का स्तर बढ़ाने में सहायक होती है। इसलिए लाल पत्ता गोभी का सेवन करना लाभदायक है।

## डीआर थापा सिक्किम में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने सिक्किम के प्रदेश संगठन और विधायक दल में फेरबदल करते हुए डीआर थापा को सिक्किम भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही पार्टी आलाकमान ने एनके सुब्बा को सिक्किम विधान सभा में अपने विधायक दल का नया नेता बनाया है। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरूण सिंह ने इन नियुक्तियों को लेकर जारी पत्र में बताया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डीआर थापा को सिक्किम का प्रदेश अध्यक्ष, एनके सुब्बा को सिक्किम भाजपा विधायक दल का नेता और डीटी लेप्चा को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है।

## दिल्ली में सीआरपीएफ अफसर ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक अस्सिटेंट सब-इंस्पेक्टर ने राष्ट्रीय राजधानी में कथित तौर पर अपनी सर्विस गन से खुद को गोली मार ली। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना शुक्रवार शाम करीब चार बजे की है। मृतक की पहचान 53 वर्षीय राजबीर सिंह के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, उन्हें इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेश-ाक के आवास पर तैनात किया गया था। अधिकारी ने कहा, कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और आज पोस्टमर्टम किया जाएगा, इसके बाद शव परिवार के सदस्यों को सौंप दिया जाएगा।

## भाजपा ने धर्मेंद्र प्रधान को बनाया प्रभारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने कुछ महीने बाद होने वाले कर्नाटक विधान सभा चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी आलाकमान ने इसके साथ ही अपने तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के.अन्नामलाई को राज्य में चुनाव सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरूण सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा की गई इन दोनों नियुक्तियों के संबंध में नियुक्ति पत्र जारी किया।

गौरतलब है कि कर्नाटक में इसी वर्ष विधानसभा का चुनाव होना है। चुनाव होने में अब लगभग तीन महीने का समय ही शेष है। ऐसे में भाजपा ने राज्य में फिर से कमल खिलाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के साथ-साथ सोशल इंजीनियरिंग के जरिए चुनाव में उतरने की रणनीति पर काम कर रही है। राज्य सत्ता में फिर से वापसी के लिए बनाए गए मेगा प्लान के तहत भाजपा राज्य के लिंगायत मतदाताओं के साथ-साथ वोक्कालिंगा मतदाताओं को भी साधने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही चुनावी जीत-हार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले दलित और आदिवासी मतदाताओं को भी लुभाने के पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं।

## लापरवाही बरती तो होगी गंभीर कार्रवाई: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई प्रकरणों में जांच के आदेश जारी किए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर एक्शन लिया जाएगा। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रतापगढ़ के जिला एवं महिला अस्पतालों में मरीजों को बाहर की दवाएं लिखे जाने संबंधी मामले का संज्ञान लिया।

# पुलवामा और पाकिस्तान के नाम पर वोट दीजिएगा तो आपके गांव में स्कूल कैसे बनेगा: प्रशांत किशोर

**गोपालगंज, एजेंसी।** जन सुराज पदयात्रा के 126वें दिन की शुरुआत गोपालगंज के गांधी कालेज मैदान में पदयात्रा शिविर में सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। इसके बाद राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर पदयात्रियों के साथ गोपालगंज नगर परिषद क्षेत्र से पदयात्रा के लिए निकले।



शनिवार को प्रशांत किशोर की पदयात्रा का जिले में 21वां दिन व आखिरी दिन रहा। चौनपट्टी गांव में जनसंवाद करते हुए प्रशांत किशोर ने जनता से कहा कि आप अगर अपने बच्चों की चिंता नहीं कीजिएगा तो दुनिया में कोई आपके बच्चे की चिंता नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि पांच वर्ष जनता बैठकर शिक्षा और रोजगार से जुड़ी समस्याओं पर बातचीत करती है, लेकिन जिस दिन मतदान होता है, उस दिन जनता सब भूल जाती है। वोट सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर दिया जाता है, जो जाति से बच जाते हैंय वह हिंदू, मुसलमान, चीन-पाकिस्तान और पुलवामा के नाम पर वोट देते हैं।

प्रशांत किशोर ने पिछले लोकसभा चुनाव की याद दिलाते हुए कहा कि जिस नेता को चुनाव से पहले तक जनता गाली दे रही होती है, उसी नेता को जनता सब भूलकर वोट दे आती है। उन्होंने कहा कि लोगों ने मोदी के नाम पर, पाकिस्तान और पुलवामा के नाम पर वोट दिया, जब पुलवामा और पाकिस्तान के नाम पर वोट दीजिएगा तो आपके गांव में स्कूल कैसे बनेगा।

प्रशांत किशोर ने हुए कहा कि आपका लड़का नहीं पढ़ रहा है, आपके घर के लोग बाहर मजदूरी कर रहे हैं। आपके लोग पढ़-लिखकर घर बैठे हुए हैं और आपको उसकी चिंता ही नहीं है। देखिए लालू प्रसाद यादव का लड़का दसवीं पास नहीं किया है, तब भी लालू को चिंता है कि उनका लड़का मुख्यमंत्री बने। इसमें कोई दिक्कत नहीं है कि लालू को अपने लड़के की चिंता है।

दिक्कत इस बात से है कि आपका लड़का दसवीं पास कर लिया, बीए-एमए कर लिया और उसको चपरासी की भी नौकरी नहीं मिल रही है और आपको कोई चिंता ही नहीं है। उन्होंने जनता से कहा कि आप लोग जाति और धर्म के नशे में खोए हुए हैं। अगर चिंता होती तो वोट उसको देते जो आपके लड़कों की पढ़ाई की व्यवस्था करता। प्रशांत किशोर ने जनता से सवाल पूछते हुए कहा कि आप को वोट किस मुद्दे पर देना चाहिए, पांच किलो अनाज पर या बच्चों की पढ़ाई पर?

## पोर्न गिरोह के खिलाफ जर्मन पुलिस ने कसा शिंकजा

**बर्लिन ,एजेंसी।** जर्मन की पुलिस ने वर्षों की जांच के बाद बवेरिया में एक अंतरराष्ट्रीय चाइल्ड पोर्नोग्राफी गिरोह पर शिकंजा कसा और तीन डार्कनेट प्लेटफर्म को बंद कर दिया है। बवेरियन राज्य आपराधिक पुलिस कार्यालय (बीएलकेए) और साइबर अपराध के लिए संघीय राज्य के केन्द्रीय कार्यालय (जेडसीबी) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी में छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। जर्मनी के अधिकारियों के अनुसार इन संदिग्धों ने प्रशासकों, प्रोग्रामरों या प्लेटफार्मों के मध्यस्थों के रूप में काम किया था। ये सभी गिरफ्तारियां पिछले साल की गई थीं। जर्मनी और विदेशों में कई हजार लोगों द्वारा अवैध डार्कनेट सा-इटों का उपयोग किया गया था और लगभग 120,000 पोस्ट लिखीं और प्रति माह चाइल्ड पोर्नोग्राफी के 20,000 से अधिक चित्र और वीडियो वितरित किए।

## चिली के जंगलों में आग से 13 लोगों की मौत, 35 हजार एकड़ जंगल खाक: राष्ट्रीय आपदा घोषित

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दक्षिणी अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग लगने की खबर है। इस घटना में 13 लोगों की मौत हो गई है। वहीं आग के कारण करीब 35 हजार एकड़ इलाका जलकर खाक हो गया है। हालात को देखते हुए चिली की सरकार ने इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दिया है। जंगलों में लगी इस भयंकर आग के चलते पूरे देश में गर्म हवाएं चल रही हैं। राजधानी सेंटियागो से करीब 500 किलोमीटर दक्षिण में स्थित बायोबियो इलाके के शहर सेंटा जुआना में ही एक फायरफाइटर समेत 11 लोगों की मौत हुई है।



चिली के दक्षिणी इलाके ला अरोकेनिया में राहत और बचाव कार्य में जुटे एक हेलीकप्टर के क्रैश होने से एक पायलट और एक मैकेनिक की मौत की भी खबर है। सरकार ने बायोबियो और नुबल इलाके में आपदा घोषित कर दी है, जिसके बाद इलाके में सेना और अन्य संसाधनों की तैनाती कर दी गई है। चिली के करीब 12 इलाकों में जंगल में आग लगी है और इसमें अभी तक सैंकड़ों घर तबाह हो चुके हैं। चिली के आंतरिक मामलों की मंत्री कैरोलिना तोहा ने बताया कि आने वाले दिनों में हालात और भी खराब हो सकते हैं।

वहीं राष्ट्रपति गैब्रिएल बोरिक भी अपनी टुट्टियों को समय से पहले खत्म कर बायोबियो और नुबल पहुंच गए हैं और हालात पर नजर रखे हुए हैं।

# अयोध्या राम मंदिर उड़ाने की धमकी के बाद एक्शन में एनआईए, पीएफआई सरगना समेत 8 लोग हिरासत में

**मोतिहारी (एजेंसी)।** बिहार के मोतिहारी में एनआईए की छापेमारी की सूचना है। एनआईए टीम ने पीएफआई से जुड़े 8 लोगों को हिरासत में लिया है, उनसे पूछताछ जारी है। इनमें पीएफआई सरगना रियाज मारूफ भी शामिल है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर को उड़ाने की साजिश के मामले में की गई है। अभी तक आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।



हालांकि, बिहार पुलिस मुख्यालय के एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने 3 लोगों को एनआईए द्वारा उठाए जाने पुष्टि की है। इनको बिहार पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संयुक्त पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

बता दें कि विगत 31 जनवरी को नेपाल के जनकपुर धाम के गंडकी नदी से चली शालिग्राम शिला (पत्थर) को पूर्वी चंपारण के रास्ते अयोध्या ले जाया गया। पूर्वी चंपारण के चकिया होकर शालिग्राम के गुजरते समय सोशल मीडिया, फेसबुक पर वीडियो कल कर बदला लेने का वीडियो सामने आया था। इसमें श्अयोध्या में बाबरी मस्जिद नहीं, तो श्रीराम मंदिर भी नहीं होने की बात कहते हुए श्रीराम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी गयी थी। इसके बाद बीती रात एनआईए पटना की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग छापेमारी की। हालांकि। मोतिहारी पुलिस के वरीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन, सूचना है कि बीती रात हुई छापामारी में आठ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों में पीएफआई का सरगना रेयाज मारूफ भी शामिल है। पिछले दिनों पटना के फुलवारी शरीफ में पीएफआई के ट्रेनिंग सेंटर चलाने के खुलासा में रेयाज मारूफ का नाम आया था। इसके बाद एनआईए की पटना लखनऊ और दिल्ली की टीम ने चकिया के कुंअवा गांव में छापामारी की थी, लेकिन रेयाज मारूफ हत्थे नहीं आया था। बीती रात हुई छापामारी में सरगना रेयाज मारूफ के हिरासत में भी लेने की सूचना है। लेकिन, कौन-कौन इस कार्रवाई में हिरासत में लिये गये हैं इसकी पुष्टि होने के बाद ही स्पष्ट को पायेगा। बहरहाल, चकिया और मेहसी थाना क्षेत्र के गांवों छापेमारी होने की जानकारी मिल रही है।

## फिर बजा पीएम मोदी का डंका, दुनियाभर के नेताओं में रहे टॉप पर- बाइडेन और सुनक काफी पीछे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले साल की तरह इस साल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर चुना गया है। अमेरिकी डेटा इंटेलिजेंस फर्म श्द मर्निग कंसल्ट के सर्वे में पीएम मोदी अप्रूवल रेटिंग में दुनिया के 22 देशों के शीर्ष नेताओं को पीछे छोड़ पहले नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को भी पीटे छोड़ दिया है। सर्वे के मुताबिक, 22 नेताओं में से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 78 प्रतिशत के साथ लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। इसके बाद मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर 68 प्रतिशत और स्विस राष्ट्रपति एलेन बेर्सेट 62 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और कनाडा के जस्टिन ट्रूडो ने 40 प्रतिशत की रेटिंग हासिल हुई है।

# गौतम अडाणी को टारगेट कर सुनियोजित साजिश के तहत किया जा रहा है बदनाम: अर्गेनाइजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडानी समूह को लेकर आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने शेयर बाजार से लेकर पूरे देश की राजनीति में तहलका मचा रखा है। अडानी समूह के मसले ने संसद में विपक्षी दलों को भी एकजुट होने का मौका दे दिया है और तमाम विरोधी दल इस मसले पर जांच के लिए जेपीसी के गठन की मांग को लेकर संसद के अंदर लगातार हंगामा कर रहे हैं और सरकार पर निशाना साध रहे हैं।

इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी पत्रिका अर्गेनाइजर ने अडानी समूह के समर्थन में उतरते हुए यह आरोप लगाया है कि गौतम अडानी को टारगेट कर, सुनियोजित साजिश के तहत बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। अर्गेनाइजर में डिकोडिंग द हिट जब बाई हिंडनबर्ग अगेंस्ट अडानी ग्रुप शीर्षक से छपे लेख में यहां तक आरोप लगाया गया है कि अडानी समूह पर हमले की शुरूआत 25 जनवरी 2023 को शुरू नहीं हुई है बल्कि इसे टारगेट करने की कहानी कई वर्ष पहले 2016-17 में अस्ट्रेलिया में रची गई थी और इसके लिए एक एनजीओ ने वेबसाइट भी चलाया है। लेख में उस एनजीओ और वेबसाइट का नाम भी बताया गया है।

अगेर्नाइजर में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को पूरी तरह से प्लानिंग के साथ बनाने के तथ्य को उजागर करते हुए लिखा गया है कि इस रिपोर्ट के आने के बाद भारत की एक लबी ने अडानी के खिलाफ नेगेटिव नैरेटिव तैयार किया है।

## होटल में चल रहा था न्यूड डांस, अचानक से हुई पुलिस की एंट्री और फिर...

**लोनावला (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध हिल स्टेशन लोनावला के व्हिस्परिंग वुड्स होटल में श्न्यूड डांस पार्टी करने का मामला सामने आया है। लोनावाला पुलिस ने आधी रात को जोर-जोर से गाने बजाकर नग्न होकर नाचने वाले 53 लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें 44 पुरुष और 9 लड़कियां शामिल हैं।

बता दें कि लोनावला में पुणे, मुंबई और अन्य जगहों से भी कई पर्यटक पर्यटन और ठहरने के लिए आते हैं। लोनावाला अनुमंडल के उपाधीक्षक सत्यसाई कार्तिक को सूचना मिली थी कि लोनावला के व्हिस्परिंग वुड्स होटल में अश्लील डांस चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर होटल में छापेमारी की। उस वक्त करीब 53 लोग नग्न अवस्था में डांस करते पाए गए थे।

## मनी लन्ड्रिंग केस : निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने कोर्ट में किया सरेंडर, पुनः जेल गई

**रांची (एजेंसी)।** मनरेगा एवं माइनिंग घोटाला से जुड़े मनी लन्ड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल ने अदालत से मिली अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद शनिवार को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट से सशर्त अंतरिम जमानत मिलने के बाद बीते 4 जनवरी को पूजा सिंघल तकरीबन 8 माह बाद जेल से बाहर आई थीं। बेटी के इलाज के लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट से एक माह के लिए सशर्त जमानत प्रदान की गई थी। इस दौरान उन्हें झारखंड से बाहर रहने का निर्देश दिया गया था।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने ईडी की अदालत में पूजा सिंघल समेत अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। इसमें बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू में डीसी रहते हुए पूजा सिंघल के खाते में सैलरी से 143 करोड़ अधिक आए थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ। उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं।

# यूएस, कनाडा, लैटिन अमेरिका, तीनों जगह मंडराते दिखे जासूसी गुब्बारे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संदिग्ध जासूसी गुब्बारे को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ताजा खबर यह है कि यूएस के बाद अब कनाडा और लैटिन अमेरिका में भी ऐसा ही संदिग्ध जासूसी गुब्बारा देखा गया है। पेंटागन ने यह बड़ा दावा किया है।

पेंटागन का कहना है कि लैटिन अमेरिका से एक और चीनी गुब्बारा गुजर रहा है। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपना चीन का दौरा भी रद्द कर दिया है। इस बीच चीनी विदेश मंत्री यांग यी ने अमेरिकी विदेश मंत्री से फोन पर बात की है।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के प्रवक्ता पैट्रिक राइडर ने एक बयान में कहा कि एक गुब्बारा लैटिन अमेरिका से गुजर रहा है। हमारे आकलन के मुताबिक, चीनी निगरानी में गुजरने वाला ये दूसरा गुब्बारा है।

इससे पहले राइडर ने कहा था कि यह स्पाई बैलून मध्य अमेरिका के ऊपर देखा जा सकता है। हालांकि उन्होंने इस बैलून के लोकेशन की पल-पल की जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि बैलून की लोकेशन फिलहाल कहां है और वह किस तरह बढ़ रहा है। इस मामले में वह पल-पल की अपडेट नहीं देना चाहते।

उन्होंने कहा कि नर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिदें स कमांड इस स्पाई बैलून पर लगातार नजर रखे हुए हैं। यह बैलून मोंटाना के ऊपर देखा गया और इसका आकार तीन बसों के बराबर है। राइडर ने कहा कि इस स्पाई बैलून से लोगों को किसी तरह का खतरा नहीं है।

अमेरिका बीते कुछ दिनों से अमेरिकी वायुक्षेत्र में देखे जा रहे इस बैलून को ट्रैक कर रहा है। अमेरिकी सैन्य विमानों के जरिए भी इस पर नजर रखी जा रही है। अमेरिका के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को सलाह दी थी कि इस बैलून के शूट डाउन से बचा जाए क्योंकि इसके नष्ट होने पर गिरने वाले मलबे से सुरक्षा में खतरा हो सकता है। वहीं एक सीनियर डिदें स अधिकारी ने बताया कि यह साफ है कि इस बैलून का इस्तेमाल जासूसी के लिए किया जा रहा है।

अमेरिका का मोंटाना दरअसल कम आबादी वाला क्षेत्र हैं। यहां अमेरिकी एयरफोर्स का स्पेशल बेस भी है, जहां से इंटरकन्टिनेंटल मिसाइल अपरेट की जाती है। दरअसल अमेरिका में इस तरह के तीन न्यूक्लियर मिसाइल क्षेत्र ही हैं, जिनमें से एक मोंटाना है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक चीन का यह जासूसी उपकरण इन संवेदनशील जगहों की जानकारी जुटाने में जुटा है।

बता दें कि हाल के सालों में अमेरिका में कई बार स्पाई बैलून देखे गए हैं। लेकिन इस बार यह संदिग्ध चीनी स्पाई बैलून काफी समय से अमेरिकी वायुक्षेत्र में नजर आ रहा है, जिससे चिंता बढ़ गई है।

अमेरिका जासूसी के इस मामले को जोर-शोर से उठा रहा है। उसने बीजिंग और वशिंगटन में चीनी अधिकारियों के सामने इस मुद्दे को रखा है। इस पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि हम फिलहाल तथ्यों को इका। करने और उसकी पुष्टि करने में जुटे हैं। चीन का अन्य देशों की संप्रभुता और उनके एयरस्पेस का उल्लंघन करने का कोई इरादा नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष शांति और सावधानी से इस मुद्दे को संभालेंगे।

इसके बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि यह बैलून दरअसल एक नागरिक एयरशिप है, जिससे किसी को कोई नुकसान नहीं होगा। इस बैलून का काम मौसम संबंधी रिसर्च से जुड़ा हुआ है। तेज हवाओं की वजह से यह अपने निश्चित मार्ग से भटककर दूर चला गया।

इस बीच चीन के विदेश मामलों के आयोग के निदेशक वांग यी ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से फोन पर बात की है। यी ने कहा कि चीन एक जिम्मेदार देश है, जो दूसरे देश की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करता है। हम किसी आधारहीन अटकलें और प्रचार को स्वीकार नहीं करते हैं। बीजिंग की ओर से कहा गया है कि अमेरिकी मीडिया और राजनेताओं ने श्चीन को बदनाम करने के बहाने गुब्बारों वाली घटना का इस्तेमाल किया।

# अंधविश्वास : 3 महीने की बच्ची को 51 बार गर्म सलाखों से दागा! तड़प-तड़प कर मासूम ने तोड़ा दम

**शहडोल , (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में अंधविश्वास के चक्कर में 3 महीने की बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आदिवासी बहुल शहडोल जिले में निमोनिया से पीडिघ्त बच्ची को ठीक करने के लिए अंधविश्वास के चक्कर में उसके पेट में 51 बार गर्म सलाखों से दागा गया। इससे बच्ची की हालत और खराब हो गई। बाद में परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान बच्ची ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया।



शहडोल जिले के सिंहपुर कठौतिया की 3 महीने की बच्ची को निमोनिया की वजह से सांस लेने में दिक्कत थी। अंधविश्वास की वजह से परिजन उसे किसी झोलाछाप इलाज कराने के पास लेकर गए। उसके पास बच्ची की मर्ज की दवा थी गर्म सलाखें। बच्ची को एक बार या दो बार नहीं, बल्कि 51 बार दागा गया। इससे बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। ऐसे में परिवार के लोग उसे शहडोल मेडिकल कलेज में लेकर गए, लेकिन सांसों की डोर टूट गई। बच्ची को नहीं बचाया जा सका।

इस बारे में ड. हितेष वाजपेयी (चिकित्सक व प्रवक्ता बीजेपी) ने कहा कि निमोनिया से इंडयूस नहीं होता, लेकिन सेकेंडरी इंफेक्शन के बहुत चांस होते हैं। आदिवासी बहुल इलाकों में झाडफूंक और दागने की कुप्रथा है। जहां की घटना है, वहां सीएमएचओ से आग्रह करना चाहूंगा कि केस दर्ज करके कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## बिहार : पाक्सो एक्ट के तहत एक शख्स गिरफ्तार

**पटना (एजेंसी)।** जहानाबाद पुलिस ने शनिवार को पक्सो एक्ट के तहत पिछले आठ महीने से फरार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय कुमार वर्मा के रूप में हुई है, जो जदयू की पूर्व जिलाध्यक्ष मंजू कुमारी वर्मा का पति है। महिला थाने की एसएचओ पूनम चौधरी ने इस बात की पुष्टि की है। उसने कहा कि पिछले साल अगस्त में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें संजय कुमार वर्मा सह-आरोपी थे। उस पर मुख्य आरोपी सुनील कुमार और बिट्ठू कुमार को बचाने का आरोप था। चौधरी ने कहा- सुनील कुमार पिछले साल अगस्त में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार में शामिल था ।

# केजरीवाल ने कांग्रेस को हराने के लिए शराब घोटाला किया: अजय मकान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता अजय माकन ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस को हराने के लिए 100 करोड़ का शराब घोटाला किया।

अजय माकन ने कहा कि गोवा में कांग्रेस खिलाफ प्रचार करने के लिए केजरीवाल ने शराब घोटाले के पैसे का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा की केजरीवाल ने कांग्रेस को हराने और कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने के लिए 100 करोड़ का शराब घोटाला किया। उन्होंने कहा कि गोवा में आप पार्टी ने घोटाले के दम पर कांग्रेस के वोट काटने का काम किया।



उन्होंने प्रेसवार्ता कर कहा कि केजरीवाल ने अपनी ही सरकार के द्वारा बनाई गई कमेटी की सिफारिशों को नहीं माना जिसमें कहा गया था कि शराब की बिक्री का होल रेल मार्केट निजी कंपनियों के हाथ में न दिया जाए। इस घोटाले में दिल्ली सरकार के जिन मंत्रियों और नेताओं का नाम हैं, उन्हें नैतिकता के आधार पर स्वयं ही इस्तीफा दे देना चहिए।

दरअसल दिल्ली के शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने नई चार्जशीट दाखिल की है। इसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, तेलंगाना सीएम केसीआर की बेटी के.क़ कविता समेत कई प्रमुख व्यक्तियों के नाम आए हैं। ताजा चार्जशीट में ईडी ने महेन्द्रू और केजरीवाल के बीच मिलीभगत का भी दावा किया है। दावा है कि केजरीवाल के सहयोगी विजय नायर ने ही आप नेताओं के बदले 100 करोड़ रुपये की घूस ली थी और इस पैसे का इस्तेमाल आप पदाधिकारियों ने किया।

# महिला प्रीमियर लीग 2023 की चार मार्च को शुरुआत करेंगी मुंबई, अहमदाबाद की टीम



नई दिल्ली । महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन सीजन की शुरूआत मुंबई और अहमदाबाद (गुजरात जायंट्स के रूप में नामित) टीमों के साथ चार मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में हो सकती है। अभी तक लॉन्च होने वाली लीग के संबंधित अधिकारियों के बीच एक अस्थायी कार्यक्रम प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें डब्ल्यूपीएल को किकस्टार्ट करने के लिए 4 मार्च को मुंबई–अहमदाबाद फेस–ऑफ को चिह्नित किया गया है।

दो फ्रेंचाइजी क्रमशः उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के स्वामित्व में हैं, कुछ ऐसा जिसे आईएलटी20 के दौरान कुछ प्रचार दिया गया था, जब तक अमीरात और गल्फ जायंट्स ने यूएई में चल रहे आईएलटी20 में आमना–सामना किया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि डीवाई पाटिल स्टेडियम के अलावा, सीसीआई–ब्रेबॉर्न स्टेडियम को एक अन्य स्थल के रूप में रखा गया है। वानखेड़े स्टेडियम, शहर का प्राथमिक स्थल है, जिसमें 17 मार्च को भारत–ऑस्ट्रेलिया वनडे मैच होगा और उसके बाद आईपीएल होगा, जो 1 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि डब्ल्यूपीएल में मुंबई और अहमदाबाद की टीमों के बीच वापसी मैच 14 मार्च को निर्धारित है। अस्थायी डब्ल्यूपीएल कार्यक्रम के दूसरे मैच में टीम बेंगलुरु का सामना 5 मार्च को सीसीआई में टीम दिल्ली से होगा।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 22 मैचों वाले डब्ल्यूपीएल में पांच दिन की छुट्टी होगी, पहला 17 मार्च को होगा और फिर दो दिन बाद दूसरा ब्रेक 19 मार्च को होगा। अगले दो मैच लीग चरण 22 और 23 मार्च को पूरा होने के बाद होंगे। एलिमिनेटर 24 मार्च को सीसीआई में है और फाइनल 26 मार्च, रविवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम में पांचवें और अंतिम ऑफ डे के बाद 25 मार्च को होगा। अडानी स्पोर्ट्सलाइन प्राइवेट के माध्यम से अदानी समूह को 1289 करोड़ रुपए की उच्चतम बोली के साथ गुजरात जायंट्स नाम की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी मिली, इंडियाविन स्पोर्ट्स प्रा. लिमिटेड ने 912.99 करोड़ रुपए की बोली के साथ मुंबई फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण किया।

रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्रा. लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू जीएमआर क्रिकेट प्रा. लिमिटेड और कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स प्रा. लिमिटेड ने शेष तीन टीमों, बैंगलोर, दिल्ली और लखनऊ (लखनऊ वारियर्स के रूप में नामित) को क्रमशः 901 करोड़ रुपए, 810 करोड़ रुपए और 757 करोड़ रुपए की बोलियों के साथ जीता।

## डोप टेस्ट में फंसी जिम्नास्ट दीपा करमाकर, आईटीए ने 21 महीनों के लिए किया सस्पेंड

नई दिल्ली ,। भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर पर प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के चलते गाज गिरी है। इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी दीपा पर पाबंदी लगाई है। इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर को प्रतिबंधित पदार्थ हाइजेनामाइन के लिए पॉजिटिव परीक्षण के बाद 21 महीने के लिए प्रतिबंधित किया है जो 10 जुलाई 2023 तक प्रभावी रहेगा।

दीपा 2016 के रियो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करके चौथे स्थान पर रहीं थी। उन्होंने हाल ही में उन्होंने बाकू में एफआईजी विश्व कप में भाग लिया, जहां उन्होंने वॉल्ट फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन बैलेंस्ड बीम इवेंट में टॉप आठ में जगह बनाने में असफल रहीं।करमाकर के सैंपल में हिजेनामाइन की मात्रा पाई गई है जो वाडा के अनुसार एक बैन पदार्थ है। यूएस एंटी–डोपिंग एजेंसी के अनुसार, हिजेनामाइन में एड्रीनर्जिक रिसेप्टर गतिविधि होती है, जिसका मतलब है कि यह एक सामान्य उत्तेजक के रूप में काम कर सकता है।

# मांजरेकर को घरेलू टेस्ट सीरीज में सिराज से उम्मीदें




नयी दिल्ली । पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों में होने वाली टेस्ट सीरीज में मोहम्मद सिराज से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद लगायी है।

मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम गेम प्लैन पर कहा, हम बड़े सितारों के बारे में जानते हैं लेकिन मैं सिराज की टेस्ट गेंदबाजी देखने के लिये उत्साहित हूं। टेस्ट क्रिकेट की उनके सभी अच्छे प्रदर्शन विदेशी, मददगार परिस्थितियों में आये हैं। नयी और पुरानी गेंद से उनका कौशल शानदार है। क्या वह अपनी छाप छोड़ सकेंगे? क्योंकि अगर वह मोहम्मद शमी के साथ अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे तो स्पिनरों के लिये अच्छा मंच तैयार हो जायेगा।

उल्लेखनीय है कि मोहम्मद सिराज ने पिछले दो साल में 20 एकदिवसीय मैच खेलकर 38 विकेट लिये हैं। साल 2023 में सिराज और भी ज्यादा घातक नजर आये हैं, जहां वह सिर्फ पांच मैचों में 10.6 की औसत से 14 विकेट चटका चुके हैं।

भारत ने जब बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2020–21 में मेजबान ऑस्ट्रेलिया का सामना किया था, तब सिराज तीन मैचों में 13 विकेट लेकर भारत की जीत के नायक रहे थे। मांजरेकर को उम्मीद है कि सिराज घरेलू परिस्थितियों में भी वही प्रदर्शन दोहरा सकेंगे।

भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की शृंखला की शुरुआत नौ फरवरी को नागपुर में होगी। इसके बाद के तीन टेस्ट क्रमशः दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में खेले जायेंगे। भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिये यह सीरीज जीतना आवश्यक है।

# ला लीगा : रियल मैड्रिड ने 2—0 से वालेंसिया को दी मात



मैड्रिड । ला लीगा फुटबॉल लीग मैच में वालेंसिया के खिलाफ रियल मैड्रिड ने 2–0 से जीत हासिल की। मैड्रिड के मार्कोस असेन्सिया और विनियस जूनियर ने 1–1 गोल दागा। गुरुवार रात खेले गए मैच के पहले हाफ में रियल मैड्रिड 15 मिनट के बाद विरोधी टीम पर हावी रहा। इस दौरान खिलाड़ी गेंद को नियंत्रित करने में सफल रहे।

काली एंसेलोटी की टीम ने गेंद पर नियंत्रण रखा लेकिन कई स्पष्ट मौके बनाने में विफल रही। वालेंसिया विंगर सैमुअल लिनो के साथ टक्कर के बाद उन्होंने डिफेंडर एडर मिलिटाओ को भी खो दिया। मिलिटाओ को 36 मिनट के बाद ग्राउंड छोडना पड़ा और दानी कार्वाजल ने उनकी जगह ली।

वालेंसिया के नेट के पास एंटोनियो रुडिगर के पास गेंद पहले हाफ की सइंजरी टाइम में थी, लेकिन यूनुस मुसा पर करीम बेंजेमा के स्पष्ट फाउल के कारण गोल को अस्वीकार कर दिया गया।

पहला हाफ एकतरफा था, जिसमें वालेंसिया शुरूआती 45 मिनट में एक भी शॉट नहीं लगा सका। रियल मैड्रिड ने 52वें मिनट में जब गोल किया तो कोई आश्चर्य नहीं था। मार्कोस असेन्सिया, जिन्होंने पहले हाफ में कुछ मौके गंवाए थे, बेंजेमा की सहायता के बाद उन्हें सफलता मिली।

बेंजेमा की एक और सहायता के दो मिनट बाद विनीसियस जूनियर ने मैड्रिड की बढ़त को दोगुना कर दिया। लेकिन फ्रांसीसी स्ट्राइकर की जगह रोड्रिगो ने ले ली।

# टी–20 विश्व कप 2007 के इस हीरो ने लिया संन्यास, क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को कहा अलविदा




भिवानी । वर्ष 2007 में टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य जोगिंदर शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। क्रिकेटर से पुलिस अधिकारी बने जोगिंदर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव को संबोधित एक पत्र में उन्हें प्रदान किए गए अवसरों के लिए बोर्ड, हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, चेन्नई सुपर किंग्स और हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया।

जोगिंदर ने बीसीसीआई सचिव जय शाह को चिट्ठी लिखकर संन्यास की घोषणा की। जोगिंदर (39) पिछले काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहे हैं। वर्ष 2007 में ही उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। तब टी20 विश्व कप में जोगिंदर कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के मुख्य गेंदबाजों में से एक रहे थे। जोगिंदर ने कहा, आज, अपार कृतज्ञता और विनम्रता के साथ, मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के सभी रूपों से संन्यास लेने की घोषणा करता हूँ। वर्ष 2002 से 2017 तक की मेरी यात्रा मेरे जीवन का सबसे शानदार यात्रा रही। भारतीय टीम में खेलने का मुझे सम्मान मिला था। मैं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, चेन्नई सुपर किंग्स और हरियाणा सरकार द्वारा मुझे दिए गए अवसरों के लिए आभारी हूं।

जोगिंदर ने अंतरराष्ट्रीय करियर में चार वनडे और चार टी20 खेले। वनडे में उनके नाम एक विकेट और टी20 में चार विकेट हैं। वनडे में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 28 रन पर एक विकेट है, जबकि टी20 में यह 20 रन पर दो विकेट है। वह आईपीएल में भी 16 मैच खेल चुके हैं और 12 विकेट ले चुके हैं। 27 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। आईपीएल में जोगिंदर चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात जाएंट्स के लिए खेल चुके हैं।

जोगिंदर ने टी20 और वनडे दोनों में भारत के लिए चार–चार मैच खेले। दाएं हाथ के गेंदबाज को प्रशंसकों द्वारा 2007 टी20 विश्व कप जीत में पाकिस्तान के खिलाफ उनके आखिरी ओवर के लिए याद किया जाता है, जहां उन्होंने मैच के ओवर में 13 में से पहली दो गेंदों में लगभग सात रन के बावजूद टीम को जीत दिलाई थी।

उनकी पहली गेंद वाइड रही थी। अगली गेंद पर मिस्बाह कोई रन नहीं बना सके थे। इसके बाद दूसरी गेंद पर छक्का लगा था। तीसरी गेंद पर स्कूप के चक्कर में मिस्बाह फाइन लेग पर खड़े श्रीसंत को कैच थमा बैठे थे। इस तरह जोगिंदर ने भारत को पांच रन से विश्व कप जिताने में मदद की थी। जोगिंदर ने कोरोना के समय बतौर पुलिस अफसर बहुत काम किया था। खुद आईसीसी ने पोस्ट कर उनके काम की सराहना की थी।

जोगिंदर ने इंडियन प्रीमियर लीग में केवल 16 मैच खेले। वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले जिसमें उन्होंने 36 रन बनाए और 12 विकेट लिए। जोगिंदर की 9.82 की इकॉनमी रेट रही। उन्हें 2016 और 2017 में किसी की टीम ने नहीं खरीदा था। मध्यम तेज गेदबाज वर्तमान में हरियाणा पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर तैनात है।

# फिल्मी सफर

## कॉमेडी फिल्म द क्रू में तब्बू, करीना और कृति के साथ दिखेंगे दिलजीत दोसांझ




उड़ता पंजाब और गुड न्यूज जैसी बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय का जादू चलाने के बाद अभिनेता–गायक दिलजीत दोसांझ अब कॉमेडी फिल्म द क्रू में तीन बॉलीवुड अभिनेत्रियों तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सैनन के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। फिल्म का निर्देशक राजेश कृष्णन करने वाले हैं और इसकी शूटिंग मार्च में शुरू होगी। आइए फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।रिया कपूर ने फिल्म में दिलजीत की एंट्री की पुष्टि की है। रिया ने कहा, दिलजीत को कास्ट में शामिल करने के लिए हम रोमांचित हैं। यह फिल्म बहुत खास होने वाली है, यह आपके द्वारा पहले देखी गई किसी भी एंटरटेनर फिल्म से अलग होगी। हम दर्शकों को एक रोमांचक और यादगार सिनेमा अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, द क्रू एक ऐसी फिल्म है, जो अलग–अलग आयु वर्ग की तीन महिलाओं के जीवन के इर्द–गिर्द घूमेगी। वे सभी संघर्ष कर रही एक एयरलाइन उद्योग में काम करती हैं और अपने जीवन में परेशान हैं। वे कुछ अलग करना चाहती हैं, लेकिन उनकी नियति ने उनके लिए कुछ और ही सोच रखा होता है। उनकी किस्मत बार–बार उन्हें चुनौती देती है और परेशानी में डाल देती है।आगामी प्रोजेक्ट के साथ दिलजीत तीसरी बार करीना के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। उन्हें पहली बार साल 2016 में रिलीज हुई अभिषेक चौबे की क्राइम फिल्म उड़ता पंजाब में एक साथ देखा गया था। इसके बाद दोनों राज मेहता की कॉमेडी फिल्म गुड न्यूज में साथ दिखे, जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री कियारा आडवाणी भी लीड रोल मे थे। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी।

## फ़िल्म जंगल महल में सुरैया परवीन ने दिखाया अदाकारी का जौहर



फ़िल्म अभिनेत्री सुरैया परवीन अपनी लेटेस्ट फ़िल्म जंगल महल को लेकर बहुत खुश और उत्साहित हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अदाकारी के जौहर दिखा चुकी सुरैया की यह फ़िल्म 20 जनवरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों द्वारा खूब पसन्द किया जा रहा है। फ़िल्म जंगल महल बेहद दिलचस्प सिनेमा है और इसमे उनकी भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण है। वह एक एनजीओ के लिए काम करने वाली नीलिमा के किरदार में बिग स्क्रीन पर दिखाई दे रही हैं। सुरैया परवीन ने इस चैलेंजिंग रोल को निभाने के लिए कड़ी मेहनत की है। रियल लोकेशन्स पर इस फ़िल्म की शूटिंग की गई है, इसलिए जिसमे एक रियलिस्टिक टच है। वह फ़िल्म मेकिंग को एक टीम वर्क मानती हैं इसलिए वह उत्साहित हैं कि सबकी मेहनत रंग लाई है।सुरैया परवीन साउथ का सिनेमा भी कर चुकी हैं, लेकिन अब वह हिंदी फिल्में ज्यादा कर रही हैं। उनकी अब तक की जर्नी बहुत शानदार रही है और उन्हें उम्मीद है कि आगे उन्हें और भी बेहतर फिल्में और रोचक किरदार करने का अवसर मिलेगा। इस फ़िल्म के अलावा उनके और भी कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स हैं। उनकी नेक्स्ट रिलीज नारी है जो महिला केंद्रित सिनेमा है और वह उसमे मेन लीड प्ले कर रही हैं। उसके बाद उनके हाथ मे एक और हिंदी फिल्म है जिसकी शूटिंग जल्द शुरू होगी। फ़िल्म जंगल महल द अवेकनिंग के निर्माता टरगोल बहाडोरी, निर्देशक अरुनवा चौधरी हैं। इसमे सुरैया परवीन के अलावा आदित्य बालियान, मसुमेह एबी, अमित रैना, फरहाद खैरी और प्रशांत शिंदे जैसे कलाकार हैं।

## अभिषेक कपूर की फिल्म से डेब्यू करेंगी रवीना टंडन की बेटी राशा टंडन



भारतीय फिल्म उद्योग के लिए, नया साल नई फिल्म घोषणाओं और नए चेहरों को सामने लाने के लिए तैयार है। सूत्र बताते हैं कि पाथ ब्रेकिंग चंडीगढ़ करे आशिकी के बाद, फिल्म निर्माता अभिषेक कपूर, जिन्हें सर्वश्रेष्ठ किरदार खोजने का श्रेय दिया जाता है, उन्होंने अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा को अपनी नई फिल्म के लिए साइन किया है, जो इस गर्मी में शुरू होने वाली है जबकि कहानी अभी भी गुप्त है। हमने सुना है कि निर्देशक राशा और अमन देवगन को लॉन्च करेंगे। फिल्म में अजय देवगन को पहले कभी ऐसे अवतार में नहीं देखे गए हैं।उद्योग जगत में अमन के बारे में पहले से ही एक न्यूकमर के रूप में बात की जा रही है और सभी की निगाहें पहले से ही राशा पर हैं और उनके बड़े बॉलीवुड लॉन्च का इंतजार कर रही हैं। इंडस्ट्री के सूत्रों की मानें तो अमन देवगन और राशा की इस नई नई जोड़ी को साल की लॉन्चिंग के तौर पर देखा जा रहा है, खासतौर पर अभिषेक कपूर द्वारा केदारनाथ के साथ सारा अली खान को दिए गए लॉन्च पैड के बाद।इंडस्ट्री के एक अंदरूनी सूत्र का कहना है, पिछले 15 वर्षों में, गट्टू (अभिषेक कपूर) का भारतीय सिनेमा में योगदान सराहनीय है। उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत, फरहान अख्तर, राजकुमार राव, सारा अली खान और कई अन्य लोगों को सबसे शानदार तरीके से पहचाना और लॉन्च किया है। उन सभी फिल्मों में उनके पात्रों की प्रस्तुति हमेशा हमारे साथ रहेगी। उन भूमिकाओं ने इन अभिनेताओं के लिए चमत्कार किया है। यह भारतीय सिनेमा के लिए रोमांचक खबर है, यह प्रगतिशील सोच का संकेत है।

## भोला के निर्देशक के रूप में अजय देवगन बिल्कुल अलग व्यक्ति थेः तब्बू



बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू, जो अपने ध्श्यम 2 के सह–कलाकार अजय देवगन द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म भोला की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने खुलासा किया कि भोला के निर्देशक के रूप में अजय बिल्कुल अलग व्यक्ति थे। दोनों ने ब्लॉकबस्टर ध्श्यम फ्रेंचाइजी सहित लगभग 9 फिल्मों में एक साथ काम किया है, फिर भी भोला पहली फिल्म है जहां अजय तब्बू को निर्देशित कर रहे हैं।

अजय के साथ अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, तब्बू ने कहा, निर्देशन करते समय, वह अजय देवगन नहीं थे, जिन्हें मैं इतने सालों से जानती हूं। वह सेट पर कोई और इंसान थे जब वह निर्देशक की कुर्सी पर बैठे थे।दोनों के लंबे कामकाजी इतिहास को देखते हुए सेट पर मिले किसी विशेष उपचार के बारे में अभिनेत्री ने कहा, विशेष उपचार? काम के दौरान वह मुझे देखकर मुस्कुराए भी नहीं। वह इतने शांत, इतने केंद्रित हो गए, वैसे भी शांत हैं लेकिन वह निर्देशक की भूमिका निभाते हुए और भी अधिक मौन हो गए।

एक निर्देशक के रूप में अजय की कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा, वह खुद इतने अच्छे अभिनेता हैं और सेट पर अपने अभिनेताओं के लिए उनकी ब्रीफिंग और निर्देशों का पालन करते हैं। और हां, उन्होंने कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए एक एक्शन निर्देशक को बदल दिया।

## कियारा–सिद्धार्थ की जैसलमेर में शादी का विवरण फोटो पत्रकार ने किया साझा



मुंबई के एक प्रसिद्ध फोटो जर्नलिस्ट ने कहा है कि उनकी टीम 4–6 फरवरी से जैसलमेर में बॉलीवुड सितारे सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी को कवर करेगी। विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया कि उनकी टीम शादी के लिए रवाना हो रही है, जो कथित तौर पर जैसलमेर के आलीशान सूर्यगढ़ पैलेस में होगी।

उन्होंने लिखा, हम कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी को कवर करने के लिए जैसलमेर जा रहे हैं। हम कल लैंड करेंगे और फिर जीप लेकर जैसलमेर जाएंगे। अगर मेहमान जैसलमेर के लिए सीधे चार्टर्ड उड़ानें नहीं ले रहे हैं तो एक टीम को जोधपुर हवाई अड्डे पर इंतजार करना होगा।

हमें यकीन नहीं है कि हमें क्या मिलने वाला है, लेकिन हम ठंड के मौसम को संभालेंगे और अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे।उन्होंने कहा, ज्यादातर तस्वीरें आमतौर पर सितारों द्वारा अपलोड की जाती हैं, हम बस इंतजार करते हैं और देखते हैं। 4–6 फरवरी को सूर्यगढ़ पैलेस में शादी होगी।

अक्सर साथ देखे जाने वाले सिद्धार्थ और कियारा अपनी फिल्म शेरशाह के बाद से 2021 से डेटिंग कर रहे हैं, हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते की खबरों की न तो पुष्टि की है और न ही खंडन किया है।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com